बुधवार
04 अक्टूबर 2023

केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



107 करोड़ रु. से राज्य में बनेंगे 100 पशु अस्पताल

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

जल्द होगी उप्र में इंसेफेलाइटिस के उन्मूलन की घोषणा: सीएम योगी

- सीएम योगी ने किया विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ
- बोले- प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पर नियंत्रण देश और दुनिया के सामने एक सफलतम मॉडल

केटी न्यूज ब्यूरो/गोरखपुर

मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार के अंतर विभागीय समन्वित प्रयास से आज उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस समाप्ति के कगार पर है। बहुत शीघ्र इसे पूर्णतः समाप्त कर इसके उन्मूलन की घोषणा की जाएगी। इंसेफेलाइटिस पर नियंत्रण देश और दुनिया के सामने एक सफलतम मॉडल है। सीएम योगी मंगलवार सुबह बीआरडी मेडिकल कॉलेज से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ कर रहे थे। 31 अक्टूबर तक चलने वाले इस विशेष अभियान के लिए सीएम ने जन जागरूकता प्रचार वाहनों को हरी झंडी



दिखाकर रवाना किया। साथ ही दो आशा कार्यकत्री व दो आंगनबाड़ीकर्मी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। उन्होंने आयुष्मान योजना के चार लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से वर्ष 2017 से डेंगू, मलेरिया, इंसेफेलाइटिस, कालाजार, चिकनगुनिया जैसे संचारी रोगो के नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा। छह वर्षों के दौरान इसके बहुत अच्छे परिणाम आए हैं। सरकार वर्ष में तीन बार अंतर विभागीय समन्वय के माध्यम से संचारी रोग नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाती है। उन्होंने कहा कि 16 से 31 अक्टूबर तक आशा कार्यकत्री द्वारा घर-घर जाकर दस्तक अभियान के माध्यम से सभी घरों में जाकर बीमारों को चिन्हित कर उनके उपचार की समुचित व्यवस्था करने में योगदान देंगी।

सरकार ठान ले, लोग सहयोग करें तो सब कुछ मुमकिन

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है। इसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से प्रभावित रहा है। 2017 से पहले बीआरडी मेडिकल कॉलेज में इस मौसम में 500 से 600 मरीज भर्ती रहते थे। प्रतिवर्ष पूरे प्रदेश में 1200 से 1500 बच्चों की मौत इससे होती थी। अकेले बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 500 से 600 बच्चों की मृत्यु इंसेफेलाइटिस से होती थी। अब बीमारी और मौतों को संख्या इतिहास बनने वाली है। उन्होंने कहा,सरकार ठान ले और लोग साथ दें तो असाध्य कही जाने वाली बीमारी को भी समाप्त होने में बहुत समय नहीं लगता है। इंसेफेलाइटिस इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मध्य उत्तर के बरेली, बदायूं एवं उसके आसपास के क्षेत्र में डेंगू और मलेरिया तथा बुन्देलखण्ड चिकनगुनिया से ग्रस्त रहता था। फिरोजाबाद, मथुरा, आगरा, कानपुर, लखनऊ से लेकर वाराणसी तक डेंगू व्यापक रूप से प्रभावी था। यह सब स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए चुनौती थी लेकिन जब अंतर विभागीय समन्वय से, स्वास्थ्य विभाग को नोडल एवं अन्य विभाग जैसे नगर निकाय, पंचायतीराज, महिला एवं बाल विकास तथा प्राथमिक शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन कल्याण विभाग आदि को जोड़कर कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ और सभी विभागों को उनके लक्ष्य देकर इसे आगे बढ़ाया गया तो परिणाम आज सबके सामने है।

कई राज्यों में कहर ढा रहा डेंगू, यूपी में यह नियंत्रण में है

सीएम योगी ने कहा कि आज देश के विभिन्न राज्यों में जहा डेंगू कहर ढा रहा है वही यूपी में संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के परिणाम स्वरूप यह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में व्यापक जनजागरण के साथ-साथ आशा कार्यकत्री, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एवं पैरामेडिकल के स्टाफ को जोड़कर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। यदि सभी विभाग मिलकर कार्य करेंगे तो उसके अच्छे परिणाम सामने आयेंगे।

दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई हिस्सों में भूकंप के झटके

एजेंसी/नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप का केंद्र नेपाल में रहा। नेपाल में 54 मिनट में भूकंप के चार झटके महसूस किए गए। भूकंप का पहला झटका दोपहर 2:25 बजे आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.6 मापी गई। दोपहर 2:51 बजे दूसरा झटका महसूस हुआ, जिसकी तीव्रता 6.2 मापी गई। इसके बाद दोपहर 3 बजकर 6 मिनट पर तीसरा झटका महसूस हुआ। इसकी तीव्रता 3.8 रही। फिर 3 बजकर 19 मिनट पर चौथा झटका आया। इसकी तीव्रता 3.1 रही। पांचवां झटका शाम 5 बजकर 4 मिनट पर आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.3 मापी गई। भूकंप की गहराई पृथ्वी के तल से 10 किलोमीटर थी। फिलहाल कहीं से जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

उत्तर प्रदेश में 5 .5 तीव्रता का भूकंप

उत्तर प्रदेश में 5 .5 तीव्रता का भूकंप आया। लखनऊ, कानपुर, आगरा, नोएडा, मेरठ, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अयोध्या, अलीगढ़, हापुड़, अमरोहा में भूकंप के झटके महसूस किए गए। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। राजस्थान के जयपुर, अलवर में करीब 6 से 7 सेकेंड में तीन-चार झटके महसूस किए गए। वहीं, हरियाणा में मंगलवार को एक दिन में दूसरी बार भूकंप आया। उत्तराखंड में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए।

पीएम ने तेलंगाना में 8000 करोड़ रु. की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

कांग्रेस गठबंधन ने लोकतंत्र को लूट-तंत्र बना दिया है: मोदी

एजेंसी/निजामाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को तेलंगाना के निजामाबाद में 8,000 करोड़ रुपये के विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसमें एनटीपीसी के तेलंगाना सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के चरण 1 की पहली 800 मेगावाट इकाई भी शामिल है। इस दौरान उन्होंने रोड शो में भी हिस्सा लिया।

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार जिस प्रोजेक्ट की शुरूआत करती है उसे पूरा करके दिखाती है। मैंने 2016 में इस प्रोजेक्ट की नींव रखी थी, अब इसके लोकार्पण का सौभाग्य भी मुझे मिला है। यही हमारी सरकार का नया वर्क कल्चर है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की मेरी बहनों ने इतिहास बनाया है। कुछ ही दिन पहले संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास हो गया है। कांग्रेस और उसकी इंडिया गठबंधन 30 सालों से उसे रोक के रखे थे, उनको परवाह ही नहीं थी। भांति-भांति के चालाकियां करते थे, दिखावा करते थे और खेल दूसरा खेलते थे। लेकिन इस बार देश की माताओं-बहनों और नारी शक्ति की संगठित ताकत की वजह से सारे घमंडिया के लोगों को संसद के अंदर मजबूरी से समर्थन करना पड़ा है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रजा का महत्व होना चाहिए, परिवारवादियों का नहीं और इन्होंने तो लोकतंत्र को लूट-तंत्र बना दिया है, प्रजातंत्र को परिवार-तंत्र बना दिया है। गौरतलब है कि उनका यह दौरा महबूबनगर में रैली को संबोधित करने के दो दिन बाद हो रहा है।

इससे पहले, पीएम मोदी ने कहा कि आज पेद्दापल्ली जिले में एनटीपीसी के सुपर थर्मल पावर प्लांट की पहली इकाई राष्ट्र को समर्पित की गई। बहुत जल्द इसकी दूसरी इकाई भी चालू हो जाएगी। पहले और दूसरे चरण के पूरा होने के बाद, संयंत्र की स्थापित क्षमता 4,000 मेगावाट हो जाएगी। मोदी ने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हुई



प्रधानमंत्री ने इन परियोजनाओं की रखी आधारशिला

मोदी ने प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत 20 क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) की भी आधारशिला रखी। ये सीसीबी आदिलाबाद, भद्राद्री कोठागुडेम, जयशंकर भूपालपल्ली, जोगुलाम्बा गडवाल, हैदराबाद, खम्मम, कुमुरम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, महबूबनगर (बडेपल्ली), मुलुगु, नगरकुर्नूल, नलगोंडा, नारायणपेट, निर्मल, राजन्ना सिरसिला, रंगारेड्डी (महेश्वरम), सूर्यापेट, पेद्दापल्ली, विकाराबाद और वारंगल (नरसंपेट) में हैं।

कि यह संयंत्र पूरे देश में एनटीपीसी का सबसे आधुनिक संयंत्र है। इस संयंत्र में उत्पादित बिजली से तेलंगाना को काफी फायदा होगा। यह संयंत्र राज्य को कम लागत वाली बिजली प्रदान करेगा और इसके आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। पीएम ने मनोहराबाद और सिद्दीपेट को जोड़ने वाली नई लाइन और धमार्बाद-मनोहराबाद और महबूबनगर-कुर्नूल के बीच विद्युतीकरण परियोजना सहित रेल परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया।

पीएम मोदी बोले... एनडीए में शामिल होना चाहते थे केसीआर

रैली में अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर तीखा हमला बोला। पीएम मोदी ने उपस्थित जनसमूह से कहा कि वह एक ऐसा राज बताने जा रहे हैं जो उन्होंने अब तक नहीं बोला है। पीएम मोदी ने कहा कि जब हैदराबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन का इलेक्शन हुआ, उसमें भाजपा 48 सीटें जीतकर आई थी। केसीआर को तब सपोर्ट की जरूरत थी। पीएम मोदी ने कहा कि वो पहले बहुत सम्मान करते थे। इस चुनाव से पहले, वह हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करते थे, लेकिन बाद में अचानक उन्होंने ऐसा करना बंद कर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि केसीआर दिल्ली में मुझसे मिलने आए...उन्होंने मुझसे कहना शुरू किया कि देश आपके नेतृत्व में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि वह एनडीए में शामिल होना चाहते हैं। उन्होंने मुझसे भी उन्हें समर्थन देने के लिए कहा। मैंने उनसे (केसीआर से) कहा कि उनके कार्यों के कारण वह उनके साथ नहीं जुड़ सकते। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा तेलंगाना के लोगों को धोखा नहीं दे सकती। पीएम मोदी ने कहा मैंने उन्हें एनडीए में शामिल करने से इनकार कर दिया।

केसीआर का काम है लूटना और अपने परिवार को अमीर बनाना

तेलंगाना में बस एक ही परिवार ने यहां के लाखों परिवार के सपनों पर कब्जा कर लिया है। वर्तमान तेलंगाना में या तो केसीआर खुद है या उनके बेटे हैं या उनकी बेटी हैं या उनके भतीजे हैं या उनके भांजे हैं या फिर उनके ससुराल वाले हैं। इनके पास कोई काम नहीं है, इनका का काम लूटना है और अपने परिवार को अमीर बनाना है।

न्यूज क्लिक का दफ्तर सील, प्रधान संपादक प्रबीर गिरफ्तार

नई दिल्ली। न्यूजक्लिक समाचार पोर्टल को चीन से फंडिंग के मामले में पोर्टल के संस्थापक एवं प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ व एचआर विभाग के अधिकारी अमित चक्रवर्ती गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले न्यूजक्लिक वेब पोर्टल के कार्यालय व इसके पत्रकारों के घरों पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कई घंटे तक छापेमारी की। मंगलवार सुबह छह बजे शुरू हुई छापेमारी देर शाम तक जारी रही। उन्हें अब बुधवार को अदालत में पेश कर स्पेशल सेल पूछताछ के लिए रिमांड पर ले सकती है। पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

स्पेशल सेल के विशेष आयुक्त एचजीएस धालीवाल के मुताबिक स्पेशल सेल की टीम ने पांच शहरों में छापेमारी कर कुल 37 वरिष्ठ पत्रकारों व अन्य को हिरासत में लिया था। लोधी कालोनी स्थित सेल के कार्यालय में उनसे लंबी पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद देर शाम तक एक-एक को छोड़ दिया गया। गिरफ्तारी से पहले प्रबीर पुरकायस्थ के अधिवक्ता को सेल के कार्यालय में बुलाया गया। जिन 37 लोगों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया, उनसे दोबारा भी पूछताछ की जा सकती है। उनमें कुछ अन्य की भी गिरफ्तारी हो सकती है। छापेमारी के दौरान न्यूज क्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के साथ गीता हरिहरन, डी. रघुनंदन, सोहेल हाशमी, सिद्धार्थ भारद्वाज, संजय राजौरा, भाषा सिंह, उर्मिलेश, अभिसार शर्मा, अनिंदो चक्रवर्ती, परंजाय गुहा ठाकुरता और सत्यम तिवारी को हिरासत में लेकर सेल के लोधी कालोनी स्थित कार्यालय में लाया गया था।

महाराष्ट्र के नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में 48 घंटों में 31 लोगों की मौत, इनमें 16 बच्चे

एजेंसी/नांदेड़

महाराष्ट्र के नांदेड़ के डॉ. शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 48 घंटे से भी कम समय में 31 मरीजों की मौत हो गई है। सोमवार तक मरने वालों की संख्या 24 थी, जबकि बीती रात सात और मरीजों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, कुल 31 मृतकों में से 16 बच्चे हैं। इन मौतों से राज्य में हाहाकार मचा हुआ है।

वहीं अस्पताल के डीन डॉ. श्यामराव वकोडे ने अस्पताल पर लगे चिकित्सकीय लापरवाही के आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में न तो दवाईयों की कमी हुई है और न ही यहां डॉक्टरों की कमी है। उन्होंने यह बताया कि सटीक इलाज के बावजूद मरीज पर इलाज का कोई असर नहीं



हुआ। सोमवार को मीडिया से बात करते हुए डीन ने बताया कि सितंबर 30 से लेकर एक अक्तूबर के बीच पैदा हुए 12 बच्चों की मौत हुई है। नवजात बच्चों के मौत का कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि ये सभी बच्चे 0-3 तीन दिन के थे और उनका वजन बहुत कम था। उन्होंने कहा, 'बाल चिकित्सा विभाग में 142 भर्ती हैं, जिसमें से 42 की हालत गंभीर है। ऑक्सीजन से लेकर वेंटीलेटर तक सभी की सुविधाएं वहां दी गई है।

कांग्रेस ने उठाए सवाल

कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मामले में विस्तृत जांच की मांग की है। उन्होंने इस घटना को दर्दनाक, गंभीर और चिंताजनक बताया है। इस घटना के बाद राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, 'भाजपा सरकार अपने प्रचार के लिए हजार करोड़ रुपये खर्च कर देती है, लेकिन यहां बच्चों के इलाज के लिए दवाई खरीदने का उनके पास पैसा नहीं है।



सीएम योगी की मॉनिटरिंग से इस वर्ष बाढ़ प्रभावित जिलों में काफी कम हुई जनहानि

बाढ़ प्रभावित जिलों में बांटे गये साढ़े चार लाख लंच पैकेट

- प्रदेश के 37 जिलों में हुई सामान्य से अधिक बारिश, बाढ़ से प्रभावित हुए 34 जिले
- अत्याधिक बाढ़ प्रभावित जिलों में बनाई गई 1300 से अधिक बाढ़ चौकियां

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

योगी सरकार प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनहानि को रोकने में काफी हद तक कामयाब रही है। इसकी वजह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जनपदों का लगातार हवाई सर्वे के साथ स्थलीय निरीक्षण रहा है। इतना ही नहीं उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचकर वहां के लोगों से संवाद के साथ उनके लिए की गई व्यवस्था का बारीकी से मुआयना किया। ऐसे में अत्याधिक बाढ़ प्रभावित 20 जनपदों की 84 तहसीलों में 1310 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गयी। साथ ही 2647 मेडिकल टीम का गठन किया गया। वहीं 69,726 खाद्यान्न सामग्री पैकेट और 4,65,048 लंच पैकेट वितरित किये गये।

13 जनपदों में हुई120 प्रतिशत से अधिक बारिश

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश के 13 जनपदों में 1 जून से 15 सितंबर तक अतिवृष्टि यानी 120 प्रतिशत से अधिक बारिश रिकार्ड की गयी है। इनमें ज्यादातर इलाके पश्चिमी यूपी के हैं। इसी तरह प्रदेश के 24 जिलों में सामान्य से अधिक यानी 120 से 80 प्रतिशत बारिश दर्ज की गयी है। इनमें ज्यादातर इलाके पश्चिमी, मध्य और बुंदलेखंड के जिले शामिल हैं। वहीं 31 जिलों में सामान्य यानी 80 से 40 प्रतिशत बारिश हुई है। उधर, प्रदेश के 7 जिलों में सामान्य से कम यानी 40 प्रतिशत से कम वर्षा हुई है। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने से पहले ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की थी। बैठक में उन्होंने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनमानस और मवेशियों को हर संभव मदद देने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिये थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच का असर भी देखने को मिला। प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित 37 जनपदों में राहत कार्यों के चलते जन हानि काफी कम रही।

20 जिले में युद्धस्तर पर किए गए राहत कार्य

राहत आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि प्रदेश के 37 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई। इनमें से 34 जिले बाढ़ से प्रभावित रहे। वहीं प्रदेश के 20 जिले अत्याधिक बाढ़ प्रभावित रहे, जहां पर युद्धस्तर पर राहत कार्य किए गए। उन्होंने बताया कि इन 20 जिलों में पश्चिम यूपी के 14 जिले मुजफ्फनगर, बिजनौर, फरुर्खाबाद, सहारनपुर, आगरा, अमरोहा, मेरठ, बागपत, मथुरा, शामली, बदायूं, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर और गाजियाबाद शामिल हैं जबकि अवध के पांच जिले बाराबंकी, खीरी, हरदोई, गोंडा और सीतापुर बाढ़ से प्रभावित रहे हैं। वहीं पूर्वांचल का एक जिला बस्ती अत्याधिक बाढ़ से प्रभावित रहा है। इन जिलों की 84 प्रभावित तहसील के 1287 गांव के करीब पांच लाख लोगों को राहत पहुंचाने के लिए 1310 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गयी। वहीं मेडिकल संबंधी समस्या से निपटने के लिए 2647 मेडिकल टीमों को एक्टिव किया गया। इसी तरह बाढ़ पीड़ितों को भोजन की समस्या न हो इसके लिए 69,726 खाद्यान्न पैकेट सामग्री के बांटे गये। इस दौरान 4,65,048 लंच पैकेट वितरित किये गये। अत्याधिक बाढ़ प्रभावित जिलों में फरुर्खाबाद पहले स्थान पर रहा, जहां 116 गांवों के 75,453 लोग बाढ़ की चपेट में आएं। यहां पर 52 बाढ़ चौकियों को स्थापित किया गया जबकि 1003 मेडिकल टीम को गठित किया गया। बाढ़ से निपटने की पूर्व तैयारी के कारण ही प्राकृतिक आपदा का प्रदेश में ज्यादा असर नहीं दिखा।

राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक में लिया गया फैसला

107 करोड़ रु. से राज्य में बनेंगे 100 पशु अस्पताल

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक में हुई। इसमें कुल 14 प्रस्तावों पर मुहर लगायी गई। इनमें नए पदों की स्वीकृति समेत कई अहम निर्णय हैं। जेनरल कैटेगरी से आने वाले लोगों के लिए ईडब्ल्यूएस के तहत न्यायिक सेवा में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। राज्यभर में 100 पशु अस्पताल बनाने का फैसला सरकार ने लिया है। 107 करोड़ रुपए की राशि से इसका निर्माण करवाया जाएगा। इसमें आवास की भी सुविधा होगी। वहीं कैबिनेट ने नरकटियागंज के बीडीओ राघवेंद्र कुमार त्रिपाठी और मोतिहारी के तत्कालीन सहायक योजना पदाधिकारी सह प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी स्वामीनाथ मांझी को अनिवार्य रिटायरमेंट दिया है।

जिला उपभोक्ता फोरमों के लिए 30 पदों की स्वीकृति: कैबिनेट ने विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी पटना में प्रशाखा पदाधिकारियों के पहले से स्वीकृत तीन पदों को प्रत्यर्पित करते हुए पदाधिकारियों-कर्मियों के 16 अतिरिक्ति पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। सरकार ने राज्य के विभिन्न जिला उपभोक्ता फोरमों के लिए अनुबंध के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिकों के 30 पदों की स्वीकृति दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए रिट याचिका पर इस संबंध में आदेश दिया था, जिसपर नीतीश मंत्रिमंडल ने यह स्वीकृति दी। नीतीश कैबिनेट ने परिवहन विभाग के तहत बिहार मोटरवाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण नियमावली 2023 के मद्देनजर प्रमंडल स्तरीय ऐसे न्यायाधिकरण के लिए अध्यक्ष, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी, उच्च वर्गीय लिपिक, निम्नवर्गीय लिपिक एवं आशुलिपिक के सात-सात पदों की भी स्वीकृति दी है।



बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी पर खर्च होंगे 67 करोड़

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के बाद बताया कि राज्य में 1135 पशु चिकित्सालय हैं, जिनमें से 657 के पास अपना भवन है। शेष 478 को अपना भवन देने की प्रक्रिया चल रही है। इनमें से 100 प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय-सह-आवास के भवन निर्माण के लिए एक अरब सात करोड़ 69 लाख रुपये के व्यय की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा, बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी पटना के भवनों के निर्माण एवं उपस्करों के लिए 66 करोड़ 93 लाख 11 हजार रुपये की स्वीकृति दी। राज्य मंत्रिमंडल ने विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों और राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों के प्राचार्यों को भवन की मरम्मत एवं मेंटेनेंस मद में 10 लाख रुपये तक खर्च के लिए वित्तीय शक्तियां प्रदान की।

बिहार असैनिक सेवा भर्ती संशोधन मंजूर

राज्य मंत्रिमंडल ने राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय एवं राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, प्रयोगशाला सहायक (तकनीकी) संवर्ग नियमावली 2023 को स्वीकृति दी। इसके अलावा, सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत बिहार उच्च न्याय सेवा (संशोधन) नियमावली 2023 और बिहार असैनिक सेवा (न्याय शाखा) भर्ती संशोधन नियमावली को भी स्वीकृति दी।

समस्तीपुर में बनेगा आरओबी: कैबिनेट ने पथ निर्माण विभाग के तहत समस्तीपुर जिला अंतर्गत दलसिंहसराय यार्ड के लेवल क्रॉसिंग 32ए के बदले पहुंच पथ सहित रेलवे ओवरब्रिज के लिए 97 करोड़ 20 लाख 83 हजार राज्यांश सहित कुल 135 करोड़ एक लाख 81 हजार रुपये के अनुमानित लागत को प्रशासनिक स्वीकृति दी।

हमारा मकसद है लोगों को आगे बढ़ाना, कोई उपेक्षित न हो: सीएम

केटी न्यूज/पटना



जातीय गणना के आंकड़े जारी होने के बाद मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में नौ दलों को बुलाया गया था। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सीएम सचिवालय में हुई बैठक में जाति आधारित गणना के आंकड़ों पर चर्चा हुई है। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 से हम जाति आधारित गणना कराने के लिये प्रयासरत थे। हम चाहते थे कि 2021 की जनगणना जो हर दस वर्ष में होती है, जातीय आधार पर हो। 18 फरवरी 2019 को बिहार विधानसभा एवं बिहार विधान परिषद् द्वारा जनगणना जातीय आधार पर कराने हेतु केन्द्र से सिफारिश करने की संकल्प को सर्वसम्मति से पारित किया गया। 27 फरवरी 2020 को बिहार विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से केन्द्र सरकार से जनगणना 2021 जातीय आधार पर कराने के अनुरोध का प्रस्ताव पारित किया गया। 23 अगस्त 2021 को सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ हमने प्रधानमंत्री से मिलकर जाति आधारित गणना कराने का अनुरोध किया था । केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गयी। फिर हमने निर्णय लिया कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना करायेगी। 1 जून 2022 को विधानमंडल के सभी 9 दलों की बैठक बुलायी गयी जिसमें सभी दलों के नेताओं ने जाति आधारित गणना पर अपनी सहमति दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति आधारित गणना की रिपोर्ट में सभी वर्गों की डिटेल जानकारी दी गयी है। पूरे तौर पर ठीक ढ़ंग से सर्वे किया गया है। हर जाति की जानकारी दी गयी है। हर परिवार की आर्थिक, शैक्षणिक स्थिति की जानकारी ली गयी है। अब जाति आधारित गणना की रिपोर्ट आने के बाद सभी दलों की राय से हमलोग राज्य के हित में इस पर काम करेंगे। राज्य के सभी लोगों के उत्थान के लिये इस पर आगे विचार विमर्श कार्य किया जायेगा। हमलोगों का मकसद है लोगों को आगे बढ़ाने का, जो पीछे है, उपेक्षित है, उसकी उपेक्षा न हो। सब आगे बढ़ें। इन सब चीजों को ही ध्यान में रखकर काम किया जायेगा। हमलोगों का मकसद है सभी का विकास करना, उन्हें आगे बढ़ाना है। राज्य के हित में सबकी सहमति से कार्य करेंगे।

बीजेपी ने गणना पर जताई आपत्ति: बीजेपी के नेता और 'हम' संयोजक जीतन राम मांझी ने मौजूदा जाति आधारित गणना में कई खामियों को सरकार के सामने रखा, जिस पर मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते हुए सम्बंधित अधिकारी को उसे दूर करने की बात कही। बैठक में सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़े नहीं रखे गए, जिसका बीजेपी ने विरोध किया है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़ों को विधानसभा में सत्र के दौरान रखा जाएगा। बीजेपी की तरफ से नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा और हरि सहनी शामिल हुए। वहीं, महागठबंधन की तरफ से छह और एनडीए की तरफ से दो, एक एआईएमआईएम के नेता बैठक में शामिल हुए। नौ पार्टियों के नेता बैठक में शामिल हुए। बीजेपी नेता विजय सिन्हा ने कहा कि टूकड़े-टूकड़े में ये रिपोर्ट क्यों जारी कर रहे हैं। मैं तो चाहता हूं कि एक बार आर्थिक रिपोर्ट भी जारी हो। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के जिन लोगों को जातीय गणना रिपोर्ट से आपत्ति है उनकों आपत्ति का अवसर मिलना चाहिए। विजय सिन्हा ने कहा कि हमलोगों ने अपनी आपत्ति को दर्ज की बताया कि ये सब कमियां है। जो आपत्ति है इसका निष्पादन होना चाहिए। हमने कहा कि इसमें आपत्ति दर्ज करने का अवसर मिलना चाहिए।

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष हरि सहनी ने इस जातीय गणना की रिपोर्ट को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस तरह कोई परीक्षा में एवरेज मार्किंग किया जाता है, उसी तरह ही इसमें किया गया है। किसी को घटा कर किसी को बढ़ा दिया गया, इससे स्थिति यह हो गई कि कहीं खुशी तो कहीं गम की स्थिति है। एक ही जाति को कई वर्गों में बांट दिया गया। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने सोमवार को बहुप्रतीक्षित जाति आधारित गणना के निष्कर्ष जारी किए, जिसमें खुलासा हुआ कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) राज्य की कुल आबादी का 63 प्रतिशत हैं।

एक अक्टूबर को हुई सिपाही भर्ती परीक्षा रद्द सात व 15 को होनेवाली परीक्षा की गई स्थगित

केटी न्यूज/पटना

बिहार में एक अक्टूबर को हुई सिपाही भर्ती की परीक्षा रद्द हो गई है। केंद्रीय चयन पर्षद की ओर से मंगलवार को इस संबंध में पत्र जारी कर सूचना दी गई है। बताया गया है कि दोनों पालियों की परीक्षा कैंसिल की गई है। वहीं सात और 15 अक्टूबर को जो परीक्षा होने वाली थी उसे भी अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

एग्जाम रद्द होने के पीछे साफ वजह है कि पेपर लीक की खबर सामने आने के बाद इस तरह का निर्णय लिया गया है। बोर्ड ने भी नोटिस में इन्हीं चीजों का जिक्र किया है। जारी पत्र में कहा गया है कि एक अक्टूबर को दोनों पालियों में लिखित परीक्षा में काफी संख्या में नकल करते हुए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और चीट-पुर्जों के साथ राज्य के विभिन्न जिलों से अभ्यर्थी पकड़े गए थे। इसके अलावा यह भी जानकारी मिली कि प्रश्नों के तथाकथिक उत्तर सादे पन्ने पर सीरियल नंबर के साथ लिखकर मोबाइल एवं अन्य तरीकों से अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त कर लिए गए हैं।

संगठित गिरोह का हो सकता है काम: जारी नोटिस में यह कहा गया है कि विभिन्न परीक्षा केंद्रों में काफी संख्या में अभ्यर्थी उत्तरों की नकल करते हुए और चीट-पुर्जा के साथ पकड़े गए थे। इन सबके खिलाफ मामला दर्ज कर इन्हें गिरफ्तार किया गया है। वर्तमान में ये सभी मामले अनुसंधान में हैं, लेकिन दो अक्टूबर की दोपहर ऐसे मामलों के संबंध में और अधिक जानकारी मिली जिससे पता चलता है कि इस प्रकार की क्रियाकलाप किसी सुनियोजित तरीके से संगठित गिरोह द्वारा किया गया प्रतीत होता है।

बता दें कि पटना के कंकड़बाग से पेपर लीक की खबर सामने आई थी. रामकृष्ण द्वारिका कॉलेज से पुलिस ने छह अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया था। सूत्रों के अनुसार इनमें से पांच के पास बरामद आंसर-की प्रश्न पत्र से मैच हुए हैं। वहीं 02 अक्टूबर को सिपाही भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष एसके सिंघल ने कहा था कि परीक्षा पूरी तरह से कदाचार मुक्त हुई है।

गया पहुंचे पंडित धीरेंद्र शास्त्री खास लोगों ने सुना प्रवचन

केटी न्यूज/पटना

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री तीन दिवसीय प्रवास पर गया पहुंचे हैं। सोमवार की शाम धीरेंद्र शास्त्री गया पहुंचे थे, जहां बीजेपी सांसद मनोज तिवारी समेत बड़ी सख्या में श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। पहली बार पटना के तरेत में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का कार्यक्रम हुआ था, जिसमें लाखों लोगों ने भाग लिया था। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बोधगया में स्थिति रिसॉर्ट में तीन दिनो तक ठहरेंगे। सोमवार की देर रात तक रिसॉर्ट के हॉल में धीरेंद्र शास्त्री के द्वारा पितृ पक्ष में पितृ दोष निवारण के लिए प्रवचन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सिर्फ खास श्रद्धालु ही शामिल हो सके। इस प्रवचन में आम लोगों को शामिल होने की अनुमति नही थी।

दरअसल, गया में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का कार्यक्रम आयोजित होने वाला था। तीन दिनों के भीतर बागेश्वर धाम के पीठाधीश का दिव्य दरबार लगना था, इसके साथ ही साथ वे हनुमत कथा का भी पाठ करने वाले थे लेकिन कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के कारण धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम रद्द हो गया था। हालांकि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत धीरेंद्र शास्त्री गया पहुंचे हैं, यहां तीन दिनों तक प्रवास के दौरान वे अपने पूर्वजों का पिड़दान करेंगे।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in



विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा

- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण

नप की पहलः पानी को बचाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर जोर देंगे लोग

❐ जल जीवन हरियाली योजना को सफल बनाने के लिए नगर परिषद ने आयोजित की विचार गोष्ठी

केटी न्यूज/बक्सर



मंगलवार को बक्सर नगर परिषद ने जल जीवन हरियाली दिवस पर शहरी क्षेत्र में जल जीवन हरियाली योजना के सफल क्रियान्वन विषय पर गोष्ठी, परिचर्चा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया।

कार्यक्रम में शामिल प्रबुद्धजनों तथा पर्यावरण के प्रति सक्रिय लोगों ने पर्यावरण के बचाव को लेकर अपने-अपने विचार दिए। जिससे पर्यावरण को लेकर उत्पन्न ग्लोबल समस्या का समाधान किया जा सकें। इस दौरान जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण पानी पर काफी गंभीरता से सभी शामिल लोगों ने अपने विचार रखे इसके साथ ही इसके समाधान पर भी लोगों ने अपनी राय दी। जिससे पानी को अपने आगे की पीढीयों के लिए सुरक्षित कर सके। इसको लेकर रेन हार्वेस्टिंग को लेकर भी चर्चा की गई। सभी लोगों ने पानी के बचाव पर जोर देते हुए पानी को बर्बाद होने से बचाने की बात कही। रेन हार्वेस्टिंग पर जोर दिया गया।

सिंगल यूज पॉलिथिन न करें उपयोग : लोगों ने बताया कि पर्यावरणीय बदलाव के कारण ही वर्षा समय से नहीं हो रहा है। सिंगल यूज पॉलिथिन न उपयोग करने पर भी चर्चा की गई। वहीं लोगों ने जागरूकता स्वरूप कहा कि लोग पूर्व में कपडे का थैला लेकर बाजार जाते थे। आज खाली हाथ जा रहे है। सिंगल यूज पॉलिथीन का उपयोग कर रहे है। जो पर्यावरण को दूषित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सभापति कमरून निशा, उपसभापति इशरत बानो, कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम एवं सशक्त स्थाई समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन नप कर्मी नवीन पांडेय ने किया।

पौधरोपण और जलसंरक्षण की तेज करनी होगी कवायद : कार्यक्रम में कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम ने जल जीवन हरियाली द्वारा क्रियान्वित योजनाओं से उपस्थित लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि कराया और बताया कि मानव जीवन को स्वस्थ्य व खुशहाल रखने के लिए हमें पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाना चाहिए तथा जल को संरक्षित करने की कवायद भी करना होगा। उन्होंने कहा कि यही धरोहर है जो हम आने वाली पीढ़ियों के भविष्य व जीवन को सुरक्षित रखने के लिए बचा सकते है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा भी उक्त विषय पर परिचर्चा किया गया और पर्यावरण को स्वच्छ, शुद्ध और सुरक्षित रखने हेतु हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया गया। लोगों ने अपना बहुमुल्य सुझाव भी दिया। कार्यक्रम के अंत में कार्यपालक पदाधिकारी ने मौके पर उपस्थित मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद तथा प्रबुद्ध जनों को पौधा भेंट किया। मौके पर नगर परिषद के स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर विपिन कुमार, इंद्र प्रताप सिंह, राजू राय, अंजू सिंह, चक्रवर्ती चौधरी, रमेश गुप्ता, दीपक सिंह, राहुल सिंह, हीटलर, दिलिप सिंह समेत नगर परिषद कर्मी शामिल रहे।

एक नजर

आई ग्लैम मिस्टर बिहार के ब्रांड एंबेसडर बने सलभ परासर, ग्रामीणों में खुशी

डुमरांव। मिस्टर बिहार प्रतियोगिता में पहली बार शिरकत करने वाले क्षेत्र के निमेज गांव निवासी दिनेश ओझा एवं सीमा ओझा के पुत्र सलभ परासर को आई ग्लैम मिस्टर बिहार 2023 का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। सलभ के अपने प्रतिभा के बल पर 30 प्रतिभागियों के बीच पटना में आयोजित आई ग्लैम मिस्टर बिहार 2023 के ब्रांड एंबेसडर बनाएं जाने पर पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। जहां सलभ ने चार अवार्ड अपने नाम किए हैं। सलभ बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र है और अभी एग्रीकल्चर की तैयारी कर रहे है। इनके पिता दिनेश ओझा पत्रकार और माता सीमा ओझा सरकारी स्कूल में प्रधानाचार्य है। अपने बातचीत में सलभ ने बताया की मुझे बचपन से ही कुछ अलग करने की चाहत रही। इसी को लेकर हमने एग्रीकल्चर फील्ड का चुनाव किया। इसके साथ ही मुझे मॉडलिंग का शौक बचपन से ही है जिसके लिए मेरे माता पिता का काफी सहयोग रहा, साथ ही स्पेशल थैंक्स बड़ी बहन निशा गुप्ता 2022 मिस फेस ऑफ बिहार जिन्होंने आई ग्लैम में पार्टिसिपेट करने के लिए प्रेरित किया। परासर ने बताया कि मिस्टर बिहार के जूरी में मिस्टर इंडिया और इंटरनेशनल मॉडल अंकित शर्मा, पूर्व मिस्टर बिहार आर्यमन राज, फिल्म मेकर जीत चक्रवर्ती, डिजायनर सुभोजित मित्रा, सागर झा, सौरभ सिंह, आई ग्लैम की डायरेक्टर देवयानी मित्रा, पूर्व मिस फेस ऑफ बिहार निशा गुप्ता सहित फिल्म डायरेक्टर और कई ब्रांडेड कपड़ो के मैनेजिंग डायरेक्टर मौजूद रहे। सलभ ने स्पेशल थैंक्स बड़ी बहन निशा गुप्ता को दिया है। निशा 2022 की मिस फेस ऑफ बिहार रही है। जिन्होंने आई ग्लैम में पार्टिसिपेट करने के लिए सलभ को प्रेरित किया।



लायंस क्लब ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास दीप जला व केक काट मनाई जयंती

बक्सर। बक्सर लायंस क्लब ऑफ गैंगेंज एवं गांधी विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में गांधी जयंती के संध्या काल में स्टेशन रोड स्थित कवलदह पार्क में स्थापित महात्मा गांधी के प्रतिमा के आसपास सैकड़ो दीप जलाकर दीपावली के रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। उक्त अवसर पर केक काटकर व मिठाई का वितरण किया गया। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती भी मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब ऑफ बक्सर गैंगेज के अध्यक्ष लाइन विनय कुमार एवम संचालन गांधी विचार मंच के कार्यकारी अध्यक्ष आयकर अधिवक्ता सुरेश संगम ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ महेंद्र प्रसाद एवं अधिवक्ता गणेश बरनवाल ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लायन विनय कुमार ने कहा कि गांधी जयंती कार्यक्रम क्लब 1992 से निरंतर विभिन्न स्थानों पर मनाते आ रहा है। वही गांधी विचार मंच के कार्यकारी अध्यक्ष ने मूर्ति स्थापना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1994 मे स्थापित गांधी विचार मंच के गार्जियन व अध्यक्ष बक्सर के गांधी नाम से प्रख्यात समाजसेवी स्व जंग बहादुर राजपुरिया के नेतृत्व मे हमलोगों ने एक लम्बी लड़ाई लड़ी थी। जिसके बाद तत्कालीन जिलाधिकारी अजय कुमार यादव के द्वारा स्थान उपलब्ध कराया गया। बाद में स्व. राजपुरिया अपने व्यक्गित दान के द्वारा गांधी जी की प्रतिमा को स्थापित करने में सफल हुए थे। वहीं, अधिवक्ता गणेश बरनवाल ने अपने संबोधन में कहा कि बक्सर के अभी तत्कालीन जिला अधिकारी ने बक्सर के बीच रोड पर जो महापुरुष की मूर्तियां स्थापित है उसका सौन्दर्यीकरण कराया लेकिन महात्मा गांधी की मूर्ति जो किसी पथ पर व्यवधान नहीं पैदा किया और आज साइड में मूर्ति है वह जीर्णोद्धार की बाट जोह रहा है। वही डॉ महेंद्र प्रसाद ने महात्मा गांधी के पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। उक्त कार्यक्रम में लक्ष्मण प्रसाद जायसवाल, बी एन वर्मा, लायन अतुल मल्होत्रा, महेश प्रसाद जायसवाल, सुधीर सर्राफ, ऋषि निर्मल, बुलबुल, आशीष गुप्ता, रवि वर्मा, मनीष मिश्र, विराट मिश्र, दिनेश जायसवाल, निर्मल सिंह, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



गोलीकांड के हमलावरों को पकड़ने में पुलिस सुस्त

डुमरांव। गुरुवार को डुमरांव थाना क्षेत्र के लाखनडिहरा व बंझू डेरा गांव में 15 घंटे के अंतराल पर दो युवकों को गोली मारी गई थी। दोनों की हालत गंभीर है। इस मामले में लाखनडिहरा के पीड़ित पक्ष ने सात लोगों पर जबकि बंझू डेरा में जख्मी के पिता ने चार लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया था। लेकिन इस घटना के छह दिन बाद भी पुलिस दोनों कांडो के किसी अभियुक्त को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। हालांकि पुलिस छापेमारी का दावा कर रही है जबकि आरोपी उनकी पकड़ से दूर है। ऐसे में पुलिस अब उनके कोर्ट में सरेंडर करने का इंतजार कर रही है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे है। दूसरी तरफ दोनों गांवों में युवकों को गोली मारे जाने के बाद से ही गुटीय तनाव चरम पर है। ग्रामीण हिंसा प्रतिहिंसा की आशंका से सहमें हुए है। बता दें कि गुरूवार की सुबह दौड़ का अभ्यास करने गए लाखनडिहरा के सुरेश यादव के 22 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र यादव को मुख्य पथ पर ही गांव के नामजद युवकों ने घेरकर गोली मार दिया था। वही देर रात बंझू डेरा गांव के भगेलू यादव के 23 वर्षीय पुत्र राकेश यादव को नशे के विवाद में घर से बुलाकर हरियाणा फार्म परिसर स्थित झाड़ियों में ले जाकर नामजदों ने गोली मार दिया था। इस घटना के बाद डुमरांव के नये थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने घटना में शामिल लोगों को शीघ्र गिरफ्तार करने की बात कही थी। लेकिन छह दिन बाद भी अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने से कई सवाल खड़े हो रहे है।

खबरें फटाफट

बापू की तस्वीर खरीदने निकला किशोर गायब

डुमरांव। महात्मा गांधी की तस्वीर खरीदने बाजार गया किशोर रास्ते सें गायब हो गया है। देर शाम तक किशोर घर वापस नहीं पहुंचा तो परिजनों की चिंता बढ़ गयी और नाते-रिश्तेदार सहित आसपास के मोहल्लों में खोजबीन शुरू कर दी। परिजनों ने अपहरण किये जाने की आशंका जतायी है। इस मामले में किशोर के पिता संतोष सिंह ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। पीड़ित सुमित्रा कॉलेज रोड का रहने वाला बताया जाता है। पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया गया है कि किशोर ऋतु कुमार दो अक्टूबर को गांधी जयंती मनाने के लिए उनका तस्वीर खरीदने को लेकर बाजार गया था लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू कर दी गयी। लेकिन जब देर शाम तक उसका कुछ पता नहीं चला तो पुलिस को इसकी जानकारी दील गई है। किशोर का कुछ पता नहीं चलने से परिजनों में किसी अनहोनी की आशंका गहराने लगी है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर किशोर की खोजबीन शुरू कर दी है।

चार जुआरी गिरफ्तार, नकदी भी बरामद

डुमरांव। कृष्णाब्रह्म पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के कठार गांव स्थित शांतिनगर बस्ती में एक जुए के अड्डे पर छापेमारी कर चार जुआड़ियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से ताश के पत्ते तथा 1820 रूपए नकद बरामद हुए है। गिरफ्तार जुआड़ियों में अर्जुन कुमार, राजू पासी, मंटू भर कठार तथा अरक गांव निवासी रमेश सिंह शामिल है। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कठार के शांतिनगर में अवैध तरीके से जुए का अड्डा संचालित हो रहा है। इस सूचना पर एक टीम गठित कर छापेमारी करवाई गई। छापेमारी के दौरान जुआ खेलते चार लोग गिरफ्तार हुए है। वही नकदी तथा ताश के पत्ते बरामद हुआ है।

शराब के साथ वार्ड पार्षद समेत दो गिरफ्तार

राजपुर। राजपुर पुलिस ने शराब की खेप के साथ कोचस नगर पंचायत के वार्ड पार्षद समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चार कॉर्टन शराब भी बरामद हुआ है। जबकि दो अन्य अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहे। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान यूपी की तरफ से आ रहे दो बाइक सवारों को रोक तलाशी लेनी चाही तो वे भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने दौड़कर उनमें से दो को पकड़ लिया जबकि दो भागने में सफल रहे। उनके पास से कुल चार कॉर्टन शराब बरामद हुआ। गिरफ्तार तस्करों में कोचस के अंशु चौधरी व भोला सेठ शामिल है। इनमें अंशु कोचस नगर पंचायत के वार्ड 14 का पार्षद है। सूत्रों की मानें तो वह लंबे समय से शराब के धंधे से जुड़ा है तथा कुछ दिन पहले ऐसे ही एक मामले में उसका भाई जेल की हवा खा रहा है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

राजपुर में जनसंवाद में सरकारी योजनाओं से रू-ब-रू हुए ग्रामीण, बोले डीएम...

लोक शिकायत निवारण में परिवाद दायर कर निःशुल्क पा सकते हैं न्याय

केटी न्यूज/राजपुर



मंगलवार को राजपुर में डीएम ने जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन कराया। जिसमें उपस्थित लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकादी दी गई तथा उन्हें योजनाओं का लाभ कैसे मिलेगा इस संबंध में विस्तार से बताया गया। वहीं डीएम ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा उसके समाधान के आश्वासन दिए। इस जनसंवदा में प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए थे। अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी बक्सर, उप विकास आयुक्त बक्सर एवं अपर समाहर्ता बक्सर के द्वारा क्रमशः लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, राजस्व एवं आवास योजना और अन्य संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। जिलाधिकारी ने लोक शिकायत निवारण के महत्व को बताते हुए कहा कि ग्रामीण इसमें किसी भी मामले का परिवाद दायर करा सकते है तथा बिना किसी खर्चे के उन्हें न्याय मिल जाएगा। उन्होंने लोगों से लोक शिकायत निवारण के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने को भी कहा।

जनसंवाद में डीएम ने ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा राजपुर प्रखंड से संबंधित पथ निर्माण का जो डीपीआर विभाग को भेजे गए हैं, उस संबंध में जानकारी दी। वहीं स्वास्थ्य विभाग, आयुष्मान गोल्डन कार्ड का निर्माण, कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, जैविक खेती, जीविका द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कुपोषण से बचाव के लिए संचालित आईसीडीएस की विभिन्न योजनाओं एवं डीआरसीसी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। इस दौरान लोगों ने आयुष्मान गोल्डेन कार्ड, कृषि अनुदान सहित कई अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही परेशानियों के खिलाफ डीएम का ध्यान आकृष्ट कराया। जिसे डीएम ने तत्काल समाधान का आश्वासन दिया।

योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए गए थे स्टॉल : ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। जहां आम जनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जा रही थी। विभिन्न योजनाओं के लाभुक एवं जीविका दीदियों के द्वारा अपने अनुभव, कार्य सफलता के बारे में जन संवाद कार्यक्रम में विस्तार से बताया जा रहा था।

खीरी में बनेगा मिनी स्टेडियम : प्रखंड मुख्यालय के बाद डीएम ने खीरी पंचायत में भी जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्या सुनी तथा निष्पादन के लिए तत्काल बीडीओ सिद्धार्थ कुमार को निर्देश दिया। जन संवाद कार्यक्रम में पंचायत स्तर पर चलाई जा रही सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में संबंधित पदाधिकारी के द्वारा अपने अपने विभागों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। डीएम ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं उनकी उपलब्धियों के संबंध में आम जनों से संवाद के दौरान बताया। जबकि खीरी पंचायत में मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम के निर्माण का प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजे जाने की बात भी बताई।

जिले के 17 नए पथ को बनाने की मिली मंजूरी

सरकार की योजनाओं पर चर्चा करते हुए डीएम ने कहा कि इस बार जिले के लिए 17 नए पथ को बनाने की मंजूरी मिली है। जिसमें चौसा-कोचस मुख्य पथ का मरमतीकरण करने के लिए टेंडर पास हो गया है। शीघ्र ही कार्य शुरू होगा। विभिन्न गांव के टोलों को जोड़ने के लिए लिंक पथ को भी मंजूरी दी गई है। वहीं स्वास्थ्य विभाग में आयुष्मान कार्ड योजना में 18 हजार से अधिक लाभुकों को कार्ड निर्गत किया गया है। जिन्हें वर्ष में पांच लाख रुपए तक का इलाज करने की मुफ्त सुविधा होगी। कृषि पर चर्चा कर कहा कि अब किसान पारंपरिक खेती से आधुनिक खेती की ओर मुड़ रहे हैं। डीडीसी डॉक्टर महेंद्र पाल ने कहा आने वाले दिनों में राजपुर प्रखंड मॉडल होगा। सरकार को सहयोग करने की जरूरत है। साथ ही सरकार के तरफ से लगाए गए स्वच्छता शुल्क देकर इसमें सहयोग करें। ग्रामीण क्षेत्र भी बदल रहा है। आने वाले दिनों में और बदलाव होगा। वहीं, एसडीओ धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि अगर कोई पदाधिकारी भी भ्रष्टाचार में लिप्त है तो उसे पर भी सख्त रूप से कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सरकार की योजनाएं जन-जन तक पहुंच रही है। उन्हें हर हाल में लोगों को लाभ लेना चाहिए। अपर समाहर्ता प्रमोद कुमार ने बसेरा टू अभियान की चर्चा करते हुए कहा नवंबर तक परचा का वितरण किया जाएगा। जमीन का डाटा ऑनलाइन कराया जा रहा है।

काजीपुर हत्याकांड में मृतका के भाई ने तीन पर दर्ज कराया केस

केटी न्यूज/सिमरी

सोमवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव में घरेलु विवाद में एक युवक ने गड़ांसी से अपनी पत्नी की नृशंस हत्या कर दी थी और खुद भी जहर खां आत्महत्या का प्रयास किया था। इस मामले में मृतका ममता देवी के भाई भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दांवा गांव निवासी मिलन यादव ने पति छठू यादव, ससुर कली यादव व देवर विकास यादव को पर दहेज हत्या का आरोप लगा एफआईआर दर्ज कराया है।

पुलिस को दिए आवेदन में उसने बताया है कि उसकी बहन की शादी वर्ष 2019 में छठू यादव के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। लेकिन शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले दहेज में एक बाइक तथा सोने की चेन के लिए दबाव बना रहे थे। कई बार इसके लिए पंचायती हुई तथा हमलोगों ने माली हालत का हवाला दे बाइक व चेन देने में असमर्थता जताई। इस बात को ले अक्सर उसे मारा पीटा जा रहा था। मिलन ने बताया है कि इसी बात से नाराज हो ससुराल वालों ने उसकी धारदार हथियार से हत्या कर दी है। इधर, ग्रामीणों ने बताया कि नशे के लिए ही दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था। पत्नी के हत्या के बाद जहर खा जान देने की कोशिश करने वाले छठू का इलाज पुलिस अभिरक्षा में सदर अस्पताल बक्सर में चल रहा है। उसकी हालत में तेजी से सुधार हुआ है।

पार्टी के भीष्म पितामह कैलाशपति की जन्मशताब्दी समारोह को खास बनाने की तैयारी में जुटी भाजपा

बक्सर। बिहार भाजपा के भीष्म पितामह तथा बिहार की राजनीति के आजातशत्रु माने जाने वाले कैलाशपति मिश्र की इस बार जन्म शताब्दी समरोह पार्टी द्वारा इस बार खास अंदाज में मनाया जा रहा है। आयोजन को बड़ा करने तथा स्व. कैलाशपति मिश्र को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए इस बार खुद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 5 अक्टूबर को पटना आ रहे है। उनके साथ पार्टी के कई राष्ट्रीय स्तर के नेता भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। 5 अक्टूबर को आयोजित स्व. कैलाशपति मिश्र के जन शताब्दी समारोह की तैयारी भाजपा द्वारा शुरू कर दी गई है।

मंगलवार को शहर के कोइरपुरवा स्थित एक निजी पैलेस में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने प्रेसवार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैलाशपति मिश्र के पैतृक गांव सदर प्रखंड के दुधारचक में आगामी 3 नवंबर को श्रद्धेय मिश्र की प्रतिमा एवं बागवानी लगायी जाएगी। प्रदेश प्रवक्ता ने अपने सभी कार्यकताओं एवं 162 शक्ति केंद्र के 20 प्रमुख लोगों को बापू सभागार पटना में उपस्थित होने का निमंत्रण दिया।




जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने कहा की श्रद्धेय कैलाश मिश्रा के गांव को सांसद ने गोद लिया है। उनसे बातचीत हुई है कि श्री मिश्रा जी के गांव में जो भी योजनाएं लंबित हैं उन्हें यथाशीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। प्रेसवार्ता में लोकसभा संयोजक राजवंश सिंह, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, संत कुमार सिंह, अनिल कुमार पाण्डेय, निर्भय राय महामंत्री, सौरभ तिवारी, सतीश दुबे, दीपक पाण्डेय किसान मोर्चा उपाध्यक्ष, राजु एवं जिला मीडिया प्रभारी उमाशंकर राय उपस्थित रहे।

कोलकाता के कारीगर कर रहे हैं मूर्ति व पंडाल का निर्माण

डुमरांव चौक रोड में शाही महल में विराजेंगी मां दुर्गा

केटी न्यूज/डुमरांव



शारदीय नवरात्र की धूम आगामी 15 अक्टूबर से शुरू हो जायेगी। इसके पूर्व शहर के विभिन्न जगहों पर मां की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी है। इस बार डुमरांव के चौक रोड स्थित सार्वजनिक कुआं पर मां दुर्गा शाही महल में विराजेंगी, जहां श्रद्धालु मां के नौ रूपों का दर्शन करेंगे। पूजा समिति के सदस्य नये जोश के साथ शाही महल का स्वरूप देते हुए पंडाल का निर्माण कराने में जुटे है। इसके लिए बंगाल के कोलकात्ता से कारीगरों को बुलाया गया है। कारीगरों ने अपना काम शुरू भी कर दिया है। श्री जय मां दुगार्पूजा समिति के काशी बाबू, विष्णु सोनी, अभिषेक चौरसिया, पिंटू जायसवाल, ध्रुव वर्मा, संतोष सोनी, राहुल जायसवाल, रोहित केशरी, आदि ने बताया कि भव्य पंडाल में प्रतिमा के आकर्षक रूप देने के लिए बंगाल के मूर्तिकार प्रदीप पाल एंड ग्रुप का विशेष योगदान है। मां दुर्गे के नौ रूपों के साथ महालक्ष्मी, महासरस्वती, कार्तिकेय का भी श्रद्धालु दर्शन करेंगे।

समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां पांच दशकों से मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजन की जाती है। यहां की प्रतिमा डुमरांव सहित आसपास के इलाके में चर्चित रही है। पंडाल के निर्माण पर बड़ी राशि खर्च होने का अनुमान है। इस पूजन को लेकर करीब पांच लाख की राशि का बजट बनाया गया है। पंडाल का स्वरूप 30 फीट ऊंचा होगा और अंदर में बेहतर सजावट कर शाही महल का स्वरूप दिया जायेगा। समिति के सदस्यों द्वारा आगंतुकों के लिए विशेष सुविधा मुहैया करायी जायेगी। साथ ही, श्रद्धालुओं को दर्शन करने में कोई परेशानी न हो इसका विशेष ख्याल रखा जायेगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सदस्यों की तैनाती की जायेगी। प्रशासन की भी मदद ली जायेगी। माहौल भक्तिमय बना रहे इसकी पूरी व्यवस्था की गयी है। समिति ने बताया कि अष्टमी को महाआरती होगी और महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। इसके लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। पंडाल व मूर्ति निर्माण शुरू होने से आस पास के लोगों की उत्सुकता बढ़ गई है। अभी से ही बच्चों की टोलियां पंडालों के आस पास मंडराने लगी है।



बिहार में एक माह तक चलने वाले कार्यक्रमों की शुरूआत करेंगे नड्डा

❐ कैलाशपति मिश्र की जयंती जयंती समारोह में शामिल होने के लिए भाजपा ने की अपील

केटी न्यूज/जहानाबाद



भाजपा के संस्थापक सदस्य और बिहार भाजपा के भीष्म पितामह स्व. कैलाशपति मिश्र की 100वीं जयंती को बिहार भाजपा शताब्दी जयंती समारोह के रूप में मनाएगी। इसके तहत लगातार एक महीने तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पूरे प्रदेश में एक माह तक चलने वाले इन सभी कार्यक्रमों की शुरूआत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पटना में स्व. कैलाशपति मिश्र की जयंती के अवसर पर 5 अक्टूबर को करेंगे। पटना के बापू सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी शक्ति केंद्र प्रमुख, मंडल अध्यक्ष और कमेटी सदस्य तथा प्रदेश के अधिकारी हिस्सा लेंगे।

इस क्रम में सभी जिलों में समारोह आयोजित कर जनसंघ और भाजपा के पुराने साथियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जिसके तहत स्व. मिश्र द्वारा भाजपा और जनसंघ के सींचने के कार्यों के विषय प्रदर्शित होंगे। ताकि, लोग इस प्रदर्शनी के जरिए उनके किए गए कार्यों को जान सकेंगे। स्व. कैलाशपति मिश्र देश के प्रथम पंक्ति और प्रथम पीढ़ी के नेता थे जिन्होंने पार्टी व संगठन के विस्तार और विचारधारा की लड़ाई के लिए अपने आप को पूर्ण रूप से समर्पित कर दिया। पार्टी को शून्य से खड़ा करने और इसे राज्य में एक प्रमुख राजनीतिक ताकत में बदलने के लिए उनको बिहार भाजपा का भीष्म पितामह कहा जाता है।

प्रदेश प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि आज भाजपा एक वटवृक्ष के स्वरूप तक पहुंचने और विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनी है। जिसकी नींव में कैलाशपति मिश्र जैसे दधीचियों की त्याग और तपस्या ही है। वे कैलाशपति मिश्र न केवल एक समर्पित पार्टी कार्यकर्ता थे बल्कि एक कुशल संगठक और अच्छे प्रशासक विचारक भी थे। उन्होंने देश के घर-घर में जनसंघ का दीया और बाद में कमल घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया। प्रदेश प्रवक्ता ने जिले के आम जनमानस से आग्रह किया की ज्यादा से ज्यादा संख्या में श्रद्धेय कैलाशपति मिश्र की जन्म शताब्दी समारोह में शामिल होकर आयोजन को भव्य बनाये। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कृष्णकांत राय, जिला महामंत्री अनिल ठाकुर, जिला प्रवक्ता रविशंकर चौहान, जिला मंत्री ब्रजेश कुमार, विजय सत्कार, जिला मीडिया प्रभारी कृष्णकांत कुमार, रवि शेखर, कुणाल गुप्ता व अन्य मौजूद रहे।

एक नजर

छरियारी में किसान संघर्ष समिति ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन



जहानाबाद। किसान संघर्ष समिति ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का छरियारी में पुतला दहन कर विरोध जताया। बता दें की किसानों के द्वारा कृषि तीन कानून के विरुद्ध चल रहे धरना प्रदर्शन के समय तीन अक्टूबर को राज्य मंत्री अजय टेनी के बेटे ने किसानों पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। जिसको लेकर आज तक प्रधानमंत्री ने न तो कोई प्रतिक्रिया दी और न ही मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की। जिसके विरोध में पूरे देश के किसानों ने मंगलवार को पुतला दहन किया। इस दौरान किसानों ने मांग किया की केंद्र व राज्य सरकार किसान आंदोलन में शहीद किसानों को 10 लाख मुआवजा दे और मंत्री अजय टेनी को मंत्री पद से इस्तीफा लें। जब तक मंत्री का इस्तीफा नहीं लिया जाता, तब तक किसानों का संघर्ष जारी रहेगा। वहीं बिजली विभाग लगातार किसानों व मजदूरों को मनमानी बिल देकर परेशान कर रहा है। विभाग के मनमानी के खिलाफ मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया है। जबतक बिजली विभाग मनमानी करेगा हमलोग विरोध प्रदर्शन, पंचायत और पुतला दहन करते रहेंगे। विभाग पूरी तरह बेलगाम हो चुका है। किसानों को खेती करने और गरीबों को बत्ती जलाने से रोक रहा है और एमआईआर कर रहा है। ऐसे में किसान मजदूर सरकार के विरोध न करें तो क्या करेंगे। बिजली विभाग के पदाधिकारी अपने विभाग तो सुधारता नहीं और आम जनता को कानून का पाठ पढ़ाते हैं। न इनसे बिल सुधरता और न ही कनेक्शन समय दिया जाता है। बिजली विभाग सिर्फ एफआईआर में दिलचस्पी दिखा रहा है। जिससे किसानों में काफी आक्रोश व्याप्त है। इस दौरान संगठन अध्यक्ष मंजय कुमार, कमलेश कुमार, कारू यादव, दिनेश कुमार, ऋषी कुमार वर्मा, अजय कुमार, अकाश कुमार, सौरव कुमार, शिशुपाल कुमार, अनुज पंडित, रविरंजन कुमार, सुधीर कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

खबरें फटाफट

गड्ढे में गिरने से युवक की मौत

आरा। जगदीशपुर थाने के स्थानीय गांव में गड्ढे में गिरने से एक युवक की मौत हो गयी। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। युवक की पहचान नहीं हो सकी है। गड्ढे में गिरने व चोट लगने के कारण मौत होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसकी पहचान करने में जुटी है। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह युवक जगदीशपुर के समीप एक गड्ढे में जख्मी हालत में गिरा पड़ा था। उसे जगदीशपुर थाना पुलिस द्वारा उसे 112 डायल नंबर पुलिस वाहन से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा गया था। वहां इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर जगदीशपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और पहचान के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा।

डूबने से बचने के टिप्स देंगे कैप्टन बिजेंद्र सिंह

बक्सर। जिले के दियारा इलाके में गंगा व नदियों में डूबने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय तैराक कैप्टन बिजेंद्र सिंह अब गांवों में कैंप लगाकर बचाव का टिप्से देंगे। इसमें सहयोग को लेकर डुमरांव अनुमंडल पदाधिकारी कुमार पंकज ने आश्वासन दियो है। जिसके बाद अब बिजेंद्र सिंह व्यापक पैमाने पर लोगों को जीवन बचाने के लिए युवाओं को जोड़ने के लिए विशेष अभियाने चलाएंगे। अभियान से सिमरी एवं ब्रह्मपुर के युवाओं व लोगों को गंगा व नदियों में डूबने के दौरान अपने बचाव में किस प्रकार का कदम उठाने है उसकी जानकारी मिलेगी। जिससे वे अपने जीवन का बचाव करे सके (ज्ञात हो कि डुमरांव अनुमंडल के दो प्रखंडों में अक्सरे डूबने की घटनाएं होती रहती है। जिसे देखते हुए प्रशासन ने यह कदम उठाया है।

आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला एआईएसएफ का भी समर्थन

बक्सर। बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति,पटना के आह्वान पर आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने लंबित मांग मानदेय में बढ़ोतरी की पूर्ति को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पांचवें दिन भी बाल विकास कार्यालय बक्सर के समक्ष जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन की बक्सर प्रखंड अध्यक्ष पुष्पा देवी ने किया व संचालन पूनम चौबे ने किया। आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका के मांगों को एआईएसएफ प्रदेश उपाध्यक्ष बब्लूराज ने समर्थन करते हुए कहा कि सरकार के समाज कल्याण मंत्री के समक्ष व प्रधान सचिव की उपस्थिति में गत 21 जुलाई, 2022 को आईसीडीएस के निदेशक के साथ मांग पत्र पर बनी सहमति में मानदेय में बढ़ोतरी को अब तक लागू नहीं किया जा सका है। वहीं विधानसभा चुनाव के दौरान तेजस्वी यादव के द्वारा आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय को दोगुना करने की बात कहते थे लेकिन महागठबंधन की सरकार बनते ही सेविका और सहायिका के मांगों को दो गुना करना भूल गई यह सरकार का उदासीनता है।

9 सूत्री मांगों के समर्थन में वार्ड सदस्यों ने दिया धरना, कहा-

योजनाओं में हो रही लूट खसोट की कराई जाए उच्चस्तरीय जांच

■ जनप्रतिनिधियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ किया जमकर काटा बवाल

केटी न्यूज/जहानाबाद



बिहार राज्य वार्ड सदस्य महासंघ के आह्वान पर जिला मुख्यालय स्थित कारगिल चौक पर 9 सूत्री मांगों के समर्थन में एवं वार्ड सदस्यों के वित्तीय अधिकार में कटौती के खिलाफ विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिला वार्ड सदस्य संघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में मखदुमपुर प्रखंड के संयोजक शशि कुमार दांगी ने धरना प्रदर्शन का संचालन किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए वार्ड संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा कि पंचायत में सभी योजनाओं में लूट खसोट किया जा रहा है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

वहीं, राजद के नेता डॉ. रविकांत कुमार ने कहा कि वार्ड सदस्य का संघर्ष ही इनको अधिकारों के प्रति जागृत करेगा। जो आगे जाकर इन्हें अपना हक प्राप्त में मदद करेगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि विधान परिषद सदस्य नागेंद्र कुमार उर्फ रिंकू यादव ने कहा कि वार्ड सदस्यों का जो भी मांग हैं। उसे राज्य सरकार को अवगत कराकर जल्द से जल्द लागू कराने का हर संभव प्रयास करेंगे। आशा है कि सरकार इस पर सहानुभूति पूर्वक विचार करेगी। जनमुक्ति आंदोलन के उपाध्यक्ष संत प्रसाद में भी वार्ड सदस्यों के अधिकारों के प्रति अपना प्रतिबद्धता बताते हुए कहा कि इनकी जो अधिकारों का मांग है, उसको बिहार सरकार को मान लेना चाहिए। यह लोग पंचायत के सबसे अहम प्रतिनिधि है।

धरना प्रदर्शन में मखदुमपुर प्रखंड अध्यक्ष नाजनी परवीन, हुलासगंज प्रखंड अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज कुमार, उपाध्यक्ष दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, मिडिया प्रभारी मोनू कुमार, सचिव मंजू देवी, सदर प्रखंड जहानाबाद अध्यक्ष मंटू कुमार, उपाध्यक्ष सन्नी कुमार, सचिव सूरज कुमार, काको प्रखंड अध्यक्ष चिंटू कुमार, उपाध्यक्ष सीताराम यादव, धोषी प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव, उपाध्यक्ष वलिन्द्र कुमार, रतनी फरीदपुर प्रखंड अध्यक्ष रमेश कुमार, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, मोदनगंज प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार, सहित हजारों वार्ड सदस्यों ने उपस्थित हुए।

वार्ड सदस्यों की मुख्य मांग

- पूर्व वार्ड सदस्य एवं नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का बकाया मानदेय अविलंब भुगतान किया जाए
- हर घर नल जल योजना के तहत पूर्व वार्ड सदस्यों एवं नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का बकाया मानदेय भुगतान किया जाए
- सात निश्चय पार्ट-2 में भी वार्ड सदस्यों को वित्तीय अधिकार दिया जाए
- प्रतिमाह 10 हजार मानदेय एवं आजीवन पेंशन लागू किया जाए
- वार्ड सभा द्वारा चयनित योजनाओं को वार्ड के अंतर्गत कार्यान्वित कराया जाए
- प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में लाभार्थी का चयन वार्ड सभा से किया जाए
- वार्ड सदस्य की मृत्यु होने पर आश्रित को चार लाख मुआवजा देने का प्रावधान किया जाए
- महत्वाकांक्षी योजनाओं में वार्ड सदस्यों की भूमिका सुनिश्चित की जाए
- मनरेगा जॉब कार्ड, जल संरक्षण, तालाब निर्माण, बागवानी कार्य, गौशाला निर्माण, पौधरोपण कार्य में वार्ड सदस्यों की भूमिका सुनिश्चित की जाए

घर में बहन के साथ सो रही किशोरी की सांप के डंसने से मौत



आरा। जिले के बड़हरा थाने के सिन्हा गांव में मंगलवार की सुबह विषैले सांप के डंसने से घर में सो रही 11 वर्षीया किशोरी की मौत हो गयी। मृत छात्रा सिन्हा गांव वार्ड नंबर 10 निवासी हंसराज यादव की बेटी प्रीति कुमारी थी। जो छठी कक्षा की छात्रा थी। उसके चाचा मनोज कुमार यादव ने बताया कि प्रीति सुबह घर में चारपाई पर अपने बहन के साथ सोई थी। उसी दौरान विषैले सांप ने उसे डंस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। उसके बाद उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल आया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। लेकिन परिजन संतुष्टि के लिए झाड़-फूंक कराने के लिए उसे यूपी के अमवा के सती माई ले गएं। वहां ओझा ने भी उसे देख मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करया। बताया जा रहा है कि किशोरी चार बहनों में तीसरे स्थान पर थी। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।



मध्य विद्यालय नचाप के एचएम पर 9 बिंदुओं पर लगाया आरोप

चौगाई। स्थानीय प्रखंड के मध्य विद्यालय नचाप की प्रभारी प्रधानाध्यापिका पर गंभीर आरोप लगाते हुए लोक शिकायत पदाधिकारी डुमरांव से शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता ने लगभग नौ बिन्दुओं पर आरोप लगाया है। शिकायत में विद्यालय में खराब पठन पाठन, मध्याह्न भोजन में अनियमितता, विद्यालय विकास की राशि में अनियमितता, विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक नहीं करने समेत अन्य कई गंभीर आरोप लगाया गया है।

शिकायतकर्ता नंद किशोर यादव के आवेदन के अनुसार विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति बद्तर है। स्कूल में कभी भी रूटीन के अनुसार पढाई नहीं होती है। न समय पर घंटी बजती है और न समय पर शिक्षक वर्ग कक्षाओं में जाते हैं। सभी विषयों की पढ़ाई तक नहीं होने का आरोप लगाया गया है। इसके साथ ही कोरोनाकाल का चावल बेचने का आरोप भी लगाया गया है। शिकायत पत्र में बताया गया है कि स्कूल में मात्र 100 बच्चा खाना खाते हैं, लूट खसोट के लिए लाभार्थी की संख्या ज्यादा दिखायी जाती है। साथ ही, मानक व मीनू के अनुसार बच्चों को मध्यान भोजन व फल नहीं देने का भी आरोप लगाया गया है। मामला के सत्य पाये जाने पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका के लिए समस्या बढ सकती है। फिलहाल मामला लोक शिकायत में चला गया है और दोनों पक्षों को बुधवार को बुलाया गया है। बीआरपी से लेकर बीईओ को जांच करना है। मामले की जांच के बाद सच्चाई सामने आएगा।

शिक्षकों ने डीईओ से की एमएसीपी के अंतिम सूची का प्रकाशन करने की मांग



केटी न्यूज/बक्सर

जिला मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय परिसर में मंगलवार को एमएसीपी को लेकर एके आवयके बैठक 34540 कोटि महासंघ के शिक्षकों ने की। जिसमें दो माह पूर्व तैयारे सूचि के अबतक प्रकाशन नहीं करने पर विस्तृत रूप से चर्चा कौ गई। इसके साथ हौ सूचि को जल्द से जल्द प्रकाशित करने की मांग जिला शिक्षा पदाधिकारी से कौ गई। जिससे निर्धारित शिक्षकों को वित्तीय उन्नयन का लाभ प्राप्त हो सके। इसको लेकर शिक्षकों ने बैठके मे चर्चा के बाद डीईओ को पत्र देकर मांगों को यथाशीघ्र पूरा करने की अपील की गई है।

बैठक की अध्यक्षता महासंघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने कियो। बैठक में मुख्य रूप से 34540 कोटि के शिक्षकों को एमएसीपी - 2010 योजना के अंतर्गत प्रथम वित्तीय उन्नयन का लाभ देने की मांग कौ गई। इन शिक्षकों के द्वारा बैठक में यह आपत्ति उठाई गई की 31 जुलाई 2023 को जिला स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक संपन्न हो चुकौ है। लेकिन इसके बावजूद आज तक अंतिम सूची का प्रकाशन नहीं किया गयो है। एक स्वर में सभी शिक्षकों ने अंतिम सूची के प्रकाशन की मांग कौ। मौके परे मंगरू प्रसाद, अनुग्रह कुमार, नंद बिहारी सिंह, रामजी प्रसाद, रामजी सिंह, विनोद कुमार राय, नूरजहां बेगम, राजेश प्रसाद, मदन



जहानाबाद विधायक सुदय यादव ने जातीय आधारित गणना सर्वे का किया स्वागत, बोले...

वंचित वर्गों के समग्र विकास में आएगी तेजी

केटी न्यूज/जहानाबाद



बिहार में जातीय आधारित गणना सर्वे को सार्वजनिक करने का स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने स्वागत किया है। विधायक ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को बधाई दी है।

विधायक सुदय यादव ने कहा कि जातीय आंकड़ा जारी होने से सरकार को गरीबों के हित में योजना बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने कम समय में आंकड़ा जारी कर बिहार ही नहीं पूरे देश के समक्ष एक नजीर पेश की है। साथ ही मुख्यमंत्री ने एक लंबी लकीर खींच दी है। जिसके बाद अब बिहार में सरकार त्वरित गति से अब तक वंचित रहे वर्गों के समग्र विकास एवं हिस्सेदारी को भी इन आंकड़ों के आलोक में सुनिश्चित करेगी।

विधायक ने कहा कि भाजपा की अनेकों साजिशों, कानूनी अड़चनों और षड़यंत्र के बावजूद सरकार ने गरीबों के हित में जातीय आंकड़ा सार्वजनिक किया। अब भाजपा के लोग बताएं कि केन्द्र की सरकार पूरे देश में कब जातीय जनगणना करायेगी। उन्होंने कहा कि जातीय आंकड़े जारी होने से अब धानुक, धुनिया, नाई, कुम्हार, बढ़ई, मोमिन, अंसारी, जुलाहा सहित कई जातियों के बारे में भी पता चला है, जिनके बारे में अब तक पूरी जानकारी नहीं थी। ये आंकड़े इन जातियों के विकास के लिए योजना बनाने में सहायक होंगे। विधायक ने कहा कि महागठबंधन की सरकार आए दिन बिहार के लोगों के हित के लिए कार्य कर रही है। चाहे नौकरी देने का सवाल हो या रोजगार देने का सरकार हर मोर्चे से बिहार की जनता के साथ न्याय कर रही है।

विधायक ने कहा कि बिहार की जनता भाजपा सरकार के मंसूबे को जान गई है। आगामी लोकसभा के चुनाव में बिहार की जनता केन्द्र की भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेगी। बधाई देने वालों में राजद जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर, प्रधान महासचिव परमहंस राय, पैक्स अध्यक्ष सूर्यदेव यादव, सुरेश यादव, कारू पंडित, पप्पु मल्लिक, डॉ अजय यादव, अरविन्द्र चन्द्रवंशी, अनिल पासवान, अरमान मल्लिक आदि शामिल हैं।



आटो रिक्शा से हो रही दुर्घटना के खिलाफ छात्र उतरे सड़क पर

केटी न्यूज/सिकंदरपुर

सिकंदरपुर में आए दिन आटो रिक्शा से हो रही दुर्घटना के खिलाफ मंगलवार को छात्र नेता सड़क पर उतर आए। बिगत दिनों छात्र नेता सुनील यादव की आटो रिक्शा पलटने से हुई मौत ने सिकंदरपुर के छात्र नेताओ को झकझोर करके रख दिया है। मंगलवार को क्षेत्र के छात्र नेताओ ने एक जगह एकत्रित होकर तहसील सिकंदरपुर पर पहुंच उपजिलाधिकारी रवि कुमार पासवान को आटो रिक्शा ज्यादा



❐बीते दिनों ऑटो पलटने से छात्र नेता की हुई थी मौत

दूरी तय करने से रोकने के लिए एक ज्ञापन दिए। ज्ञापन में आये दिन ऑटो रिक्शा द्वारा लगातार दुर्घटना में वृद्धि होने की बात कही गई। छात्र नेताओ ने कहा कि एआरटीओ द्वारा आटो रिक्शा को 14 किमी संचालन हेतु परमिट जारी किया जाता है, जबकि आटो रिक्शा बलिया से सिकन्दरपुर 35 किमी, सिकन्दरपुर से बेल्थरा 25 किमी, सिकन्दरपुर से नगरा 20 किमी अपना आटो रिक्शा चलाकर मानक से अधिक की दूरी तय करते है। वही एक दूसरे से आगे निकलने के लिए आवश्यकता से अधिक तेज गति से ओभरटेक करते है। उसी समय आटो रिक्शा के सामने अचानक छोटे-छोटे जानवर, साईकिल सवार या किसी वाहन के आने पर अनियन्त्रित होकर एक्सीडेंट कर जाते है। बताया की एक माह के अंदर जनपद में ऑटो रिक्शा से दर्जनों लोगो की मौत व सैकड़ो लोग घायल हुए है।

> “ नगरी व ग्रामीण क्षेत्रों की आटो रिक्शा की अलग-अलग परमिट होती है। परमिट से हट कर अगर किसी भी प्रकार की वाहन चलती हुई पाई जाती है। और नाबालिक द्वारा वाहन चलाते अगर पकड़े जाते है तो ट्रैफिक पुलिस को वाहन सीज कर कार्यवाही करने के लिय निर्देश दे दिया गया है।
>
> *– अरुण राय एआरटीओ*

ड्यूटी पर कम सोशल मीडिया पर ज्यादा ध्यान है ट्रैफिक पुलिस का

ज्ञापन देने के बाद कुछ छात्र नेताओं दबी जुबान यह भी सुना गया कि सिकंदरपुर में इस तरह की व्यवस्था सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस भी मौजूद है। लेकिन सिकंदरपुर में ट्रैफिक पुलिस द्वारा केवल सोशल मीडिया पर अपने सब्सक्राइबर बढ़ाने के लिए लगातार वीडियो बनाया जा रहा है। वीडियो बनाने से अगर फुरसत मिले तब तो इस तरह की आटो रिक्शा वालो पर कार्यवाही हो। वही बाइक चालको का ई चालान करके अपना कोरम भी पूर्ण कर दिया जा रहा है। सिकंदरपुर में प्रमुख स्थानों पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों व नाबालिग चालको द्वारा ई रिक्शा चलाने के वजह से भी लगातार दुर्घटना बढ़ रही है।

2.2 लाख की धोखाधड़ी मामले में दो महिला समेत पांच लोगों पर केस दर्ज

बलिया। लखनऊ में सस्ती जमीन का लालच देकर ढाई लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में बांसडीह कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की दोपहर 12 बजे न्यायालय के आदेश पर दो महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

वादी श्रीकांत पूरी निवासी खेवसड़ मठिया ने न्यायालय में परिवाद दाखिल कर आरोप लगाया है कि उसकी सगी मौसी मंशा देवी व मौसेरे भाई संदीप गिरी निवासी हल्दी व उनके रिश्तेदार अजय पूरी जो वादी के ही गांव का रहने वाला है। इनके द्वारा उसे लखनऊ स्थित पांच लाख की जमीन लेने को कहा गया। साथ ही तत्काल कुछ पैसे देने की बात कही गयी। बताया गया कि बाकी पैसे बाद में देकर रजिस्ट्री करवा लेना। रिश्तेदार होने के कारण वादी ने उनकी बात पर भरोसा कर उन्हें ढाई लाख रुपये का खाते में भुगतान कर दिया। इसके काफी दिन बाद जब वह उनके द्वारा बताई गयी जमीन देखने गया तो वहां कुछ नही मिला। इस संबंध में जब उनसे पूछा गया तो उनके द्वारा पैसा देने से इंकार कर धमकी दी जाने लगी। इसके बाद वादी ने न्यायालय की शरण ली।

खबरें फटाफट

एससी एसटी एक्ट के आरोपी गिरफ्तार

सिकंदरपुर। सिकंदरपुर थाने की पुलिस ने मारपीट व एससी एसटी एक्ट के मामले में आरोपी को मंगलवार की शाम मिल्की मुहल्ला स्थित घर से गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम अंकित गुप्ता पुत्र विजय गुप्ता है। अंकित काफी दिनों से फरार चल रहा था, मंगलवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अपने घर आया हुआ है। तभी पुलिस मिल्की मुहल्ला स्थित घर पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आरोपी अंकित गुप्ता के विरूद्ध सिकंदरपुर थाने में मारपीट तथा एससी एसटी का मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया है।

नवागत तहसीलदार के आगमन पर समारोह का आयोजन

मऊ । मोहम्मदाबाद गोहना तहसील परिसर में मंगलवार को नवागत तहसीलदार रजत कुमार सिंह के आगमन को लेकर तहसील के कर्मचारियों तथा अधिवक्ताओं द्वारा एक परिचय समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस मौके पर उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार चौधरी ,नवागत तहसीलदार रजत कुमार सिंह ,नायब तहसीलदार गौरव शाह ,तहसील के कर्मचारी एवं अधिवक्ताओं द्वारा नवागत तहसीलदार से परिचय प्राप्त कर आपस में मिलजुल कर अच्छे वातावरण में सत्यता तथा गुणवत्ता पूर्वक मामलों का निस्तारण करने हेतु अपील किया ।तहसीलदार ने बताया कि अधिकारी कर्मचारी व अधिवक्ता सब एक दूसरे के पूरक हैं अच्छे वातावरण में हम सब मिलजुल कर काम करें। जिससे पीड़ितों को न्याय मिले और सरकार की नीतियों पर भी हम खरे उतरे ।जिसके लिए हम सभी लोग एक दूसरे का सहयोग करेंगे ।इस मौके पर तहसीलदार ,अधिवक्ता तथा कर्मचारियों द्वारा परिचय प्राप्त हुआ इस मौके पर समस्त कर्मचारी समस्त तहसीलों के अधिवक्ता मौजूद रहे।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन

मऊ । नोडल अधिकारी राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम डा 0बी के यादव के द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देश के क्रम में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद मऊ के समस्त ब्लॉकों एवम शहर में दो दो इंटर कॉलेज या विद्यालय में किशोर स्वास्थ्य मंच आयोजित करने हेतु सभी ब्लॉको को निर्देशित किया गया है। डीइआईसी मैनेजर अरविन्द वर्मा द्वारा बताया गया कि किशोर स्वास्थ्य मंच का प्रथम आयोजन 03अक्टूबर को ब्लॉक कोपागंज में उच्च प्राथमिक विद्यालय, कोपागंज, ब्लॉक परदहा के केएमके इंटर कॉलेज, पिपरीडीह, ब्लॉक रतनपुरा में सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज, हलधरपुर, ब्लॉक शहर मऊ में डीएवी इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ। मुख्य चिकित्साधिकारी मऊ डा नन्द कुमार ने बताया कि किशोर स्वस्थ्य मंच कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधिया आयोजित हुई।

जिले की नवीन मंडी में खुले धान एवं बाजरा क्रय केंद्र का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

कृषकों से संपर्क कर उन्हें फसलों के उचित मूल्य का दिलाएं लाभ : डीएम



केटी न्यूज/बलिया

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंगलवार को जिले के नवीन मंडी में खुल राजकीय धान एवं बाजरा क्रय केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने मार्केटिंग इंस्पेक्टर से धान और बाजरे के न्यूनतम समर्थन मूल्य और किसानों के पंजीकरण के बारे में जानकारी ली।

मार्केटिंग इंस्पेक्टर ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 के अंतर्गत सामान्य धान 2183 रुपए प्रति कुंतल और ग्रेड ए धान 2203 रुपए प्रति कुंतल एवं बाजरा 2500 प्रति कुंतल न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रय किया जाना है। मक्का भी जिले के दूसरे सरकारी क्रय केंद्र पर क्रय किया जा रहा है, जिसका न्यूनतम समर्थन मूल्य 2090 प्रति कुंतल है। यह 01 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक क्रय किया जाएगा।

कृषकों के रजिस्ट्रेशन के बारे में उसने बताया कि अभी तक धान एवं बाजरे की फसल की कटाई नहीं हुई है, इसलिए कृषकों ने फसलों को विक्रय करने के लिए अपना पंजीकरण अभी तक नहीं करवाया है, इस पर जिलाधिकारी ने मार्केटिंग इंस्पेक्टर को निर्देश दिया की जब तक फसलों की कटाई नहीं हो रही है, तब तक आप लोग कृषकों से संपर्क कर, उन्हें सरकारी क्रय केंद्रों पर फसल बिक्री के लिए प्रेरित करें, जिससे अधिक से अधिक धान एवं बाजरे की खरीद सुनिश्चित हो और जिले के अधिकतम कृषकों को सरकार के न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने मार्केटिंग इंस्पेक्टर से कहा कि मंडी गेट से क्रय केंद्र तक जाने वाली सड़क, जो निर्माणधीन है, का निर्माण कराने वाली कार्यदायी संस्था को निर्देशित कर कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर का औचक निरीक्षण

बलिया। जिलाधिकारी ने बसंतपुर सीएससी का निरीक्षण कर वहां मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बाबत जानकारी ली। सामुदायिक केंद्र में जाकर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम मरीज पंजीकरण रजिस्टर,डॉक्टरों और कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर, औषधालय कक्ष और महिलाओं की डिलीवरी कक्ष का जायजा लिया।

सीएससी में पहुंचते ही परिसर में गंदगी देख जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त किया और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से सभी सीएससी व पीएचसी में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। डॉक्टरों और कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर चेक करते समय दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिन पर ठोस कार्रवाई और प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक धर्मेंद्र कुमार के अनुपस्थित मिलने पर वेतन काटने और विभागीय कार्रवाई के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आए मरीजों से बातचीत की और पूछा कि आप लोगों को बाहर से कोई दवा तो नहीं लेनी पड़ती है, उन्होंने बताया कि कभी कभार बाहर से दवा लेनी पड़ती है। औषधालय कक्ष का निरीक्षण करते समय एक मरीज को कैप्सूल डॉक्सी नहीं मिलने पर फार्मासिस्ट राजू प्रसाद और आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट ओम प्रकाश शर्मा पर विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिए और कहा कि दवाओं का समय से मांग पत्र प्रेषित कर औषधालय कक्ष में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें ।उन्होंने डॉक्टर निकिता सिंह को चेतावनी दी कि किसी भी स्थिति में मरीज को बाहर की दवा नहीं लिखनी है। अगर वो दवा नहीं है तो उसकी अल्टरनेटिव कोई दूसरी दवा ही लिख दें, जो स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सभी जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वैलनेस सेंटरों में सभी प्रकार की दवाओं को उपलब्ध करवाया गया है, आम जनमानस को उसका लाभ मिलना चाहिए।

कार्यकलापों से परेशान अभिकर्ताओ ने किया प्रदर्शन

केटी न्यूज/मऊ



डाकघरों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। मेहनत की गाढ़ी कमाई जमा कर जब लोग उसे निकालने जा रहे हैं तो उन्हें सर्वर डाउन होने की बात कहकर लौटाया जा रहा है और छह-छह माह से घुमाया जा रहा है। वही अभिकताओं का कार्य करने में स्टाफ कमी की बात करते हुए हीलाहवाली किया जाता है तथा उलटे उन्हें स्टाफ बढ़वाने के लिए कहा जाता है । जिससे नाराज अभिकताओं ने मंगलवार को कार्य का बहिस्कार करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

क्षेत्र के हजारो लोगो का पैसा उपडाकघर कोपागंज में जमा होता है जो किसी न किसी रूप से अभिकताओं के माध्यम से जमा होता है। लेकिन जब जमाकर्ता अपना पैसा निकालने के लिए आते है तब सर्वर नहीं कार्य करने का बहाना बताकर उन्हें भगाया जा रहा है। जबकि, इस प्रक्रिया में किसानों या पैसा जमा करने वालों का कोई दोष नहीं है। किसी की बेटी की शादी है तो किसी को दवा-इलाज के लिए पैसे की जरूरत हैऔर अपना ही जमा किया हुआ पैसा नहीं निकाल पा रहे हैं।उलटे अभिकताओं को स्टाफ बढ़वाने के लिए कहा जाता अभी कुछ दिन पूर्व डाककर्मियो के व्यवहार से नाराज अभिकर्ता अरुण कुमार राय ने अपना त्यागपत्र दे दिया था। आये दिन अभिकताओं का कार्य न होने से नाराज अभिकताओं ने मंगलवार को कार्य का बहिस्कार करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया।



बीएसए ने 3 प्रधानाध्यापक को किया निलंबित

बलिया। राजकीय स्कूलों में ड्यूटी में घोर लापरवाही करने वाले शिक्षकों पर बीएसए मनीष कुमार सिंह ने मंगलवार को कार्रवाई का चाबुक चला दिया। सीयर और नगरा शिक्षा क्षेत्र के स्कूलों पर शैक्षणिक कार्य में लापरवाही पर तीन प्रधानाध्यापकों को निलंबित कर दिया गया है। जबकि तीन सहायक अध्यापक का एक एक दिन का वेतन और दो शिक्षा मित्र का एक दिन का मानदेय काटने का आदेश जारी किया है। बीएसए मनीष कुमार सिंह ने शिक्षा क्षेत्र सीयर अंतर्गत प्रधामिक विद्यालय सिधौली के प्रभारी प्रधानाध्यापक जियाउल हक, प्राथमिक विद्यालय खूंटा बहोरावां नंबर दो के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार और नगरा शिक्षा क्षेत्र के कंपोजित विद्यालय बभनौली के प्रधानाध्यापक ललबचन यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जबकि प्राथमिक विद्यालय तिरनई के शिक्षा मित्र रीना गुप्ता और संगीता यादव का एक एक दिन मानदेय रोकने का निर्देश दिया।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सीएमओ ने दिखाई हरी झंडी



केटी न्यूज/मऊ

मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में मुख्य चिकित्साधिकारी मऊ द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तृतीय चरण (03 से 31 अक्टूबर) का उद्घाटन किया गया जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नन्द कुमार, नोडल अधिकारी वेक्टर बार्न डा आरएन सिंह, नगर पालिका परिषद मऊ के अधिशासी अधिकारी, डब्ल्यू एचओ के एसएमओ डॉ पदम जैन, यूनिसेफ के डीएमसी सौरभ सिह, खाद्य व सफाई निरीक्षक नरेन्द्र कुमार, सत्य प्रकाश यादव, गफ्फार बाबू, सहायक मलेरिया अधिकारी तरूण कुमार तथा मलेरिया निरीक्षक राजेश यादव, सरोज सिंह यादव, जेई कन्सल्टेन्ट डॉ उपेन्द्र सिंह व स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। सीएमओ ने बताया कि संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के अन्तर्गत जनपद में साफ सफाई, कचरा निस्तारण एवं छिड़काव तथा प्रचार प्रसार किया जायेगा ताकि शासन की नीतियों के अनुसार शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

जमीनी विवाद मारपीट में घायल महिला की मौत

मऊ । सरायलखन्सी थाना क्षेत्र के खड़गज्जेपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर पाटीदारों से मारपीट हो गई जिसमें घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। लीलावती देवी पत्नी स्वर्गीय बच्चा सिंह 60 वर्ष निवासिनी खड़गज्जेपुर थाना सरायलखन्सी का अपने ही पाटीदार से जमीन का विवाद चल रहा था जहां मृतका के परिजन ने आरोप लगाया कि हमारे पाटीदार गांव के काफी दबंग एवं भूमिया है और मेरे ही जमीन पर कब्जा कर निर्माण कर रहे थे जिसको लेकर हम लोगों ने कई बार इसकी शिकायत पुलिस को किया लेकिन पुलिस भी भूमाफियाओं से पैसा लेकर उल्टा हम लोगों को थाने भेज देती थी और निर्माण शुरू हो जाता था ।सोमवार की शाम दोहराई जा रही थी लेकिन हम लोग थाने नहीं गए और निर्माण शुरू हो गया। इस कार्य मे रोकथाम करने पर पाटीदारों ने घर में घुसकर मारपीट किया।



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विभागों के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

प्रति माह किसान दिवस आयोजित करने के दिए निर्देश

केटी न्यूज/मऊ



जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कृषि, उद्यान,लघु सिंचाई,नलकूप, भूमि संरक्षण एवं सहकारिता विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत हाइब्रिड बीजों के वितरण कार्यों की जांच करने के निर्देश जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को दिए।

इसके अलावा खरीफ एवं रबी की फसलों हेतु किसानो के प्रशिक्षण कार्यों सहित अन्य व्ययों की जांच भी करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। कोरोना काल के दौरान बंद हुए किसान दिवस के आयोजनों को जिलाधिकारी ने पुनः प्रारंभ करने के निर्देश जिला कृषि अधिकारी को दिए। पीएम किसान सम्मान निधि की समीक्षा के दौरान जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि ओपन सोर्स डाटा में 95.53 प्रतिशत किसानों का सत्यापन कार्य पूर्ण हो चुका है। अभी भी तहसील स्तर पर 3694 आवेदन लंबित है। ई केवाईसी में अपेक्षित सुधार न होने पर जिला अधिकारी ने क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को बेहतर कार्य योजना तैयार कर ई केवाईसी कार्य में सुधार लाने के निर्देश जिला कृषि अधिकारी को दिए। इसके अलावा भूमि अंकन में भी कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही भूमि अंकन कार्य पूर्ण करने को कहा।फसल बीमा योजना की समीक्षा के दौरान जनपद में 8163 बीमित किसानों के सापेक्ष अत्यंत कम मात्रा में दावों को देखते हुए जिलाधिकारी ने फसल बीमा योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने तथा पात्र किसानों को इस योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

उर्वरक एवं बीज की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक का स्टॉक है। बीज वितरण भी पूर्ण हो चुकी है। भूमि संरक्षण विभाग के खेत तालाब योजना की समीक्षा के दौरान भूमि संरक्षण अधिकारी ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष हेतु कुल आठ खेत तालाब का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें 6 पूर्ण किए जा चुके हैं। डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी को खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से खेत तालाब योजना के तहत पूर्ण हुए तालाबों की जांच करने के निर्देश दिए।

खबरें फटाफट

पितरों के तर्पण से मिलता है भगवान का आशीर्वाद

चंदौली। पितृपक्ष में लगातार पंद्रह दिनों तक पितरों को तिल, जौ, चावल, पुष्प व जल से तर्पण करने से व्यक्ति को पूरा लाभ मिलता है। बदले में ग्रह बाधा दूर होती है और परिवार के ऊपर पूरे साल भगवान की कृपा बनी रहती है। साथ ही सुख-शांति, यश-कीर्ति की प्राप्ति होती है। पितृपक्ष का 15 दिन पितरों के लिए खास होता है, यदि उनकी कृपा बन गई तो पूरे साल परिवार मे खुशियां ही खुशियां बनी रहती हैं। यह बातें धानापुर नरौली स्थित गंगा तट पर आयोजित तर्पण कार्यक्रम के दौरान पं. मुन्ना मिश्रा ने कही। कहा कि साल का पंद्रह दिन पितरों के लिए खास होता है। इस मौके को गंवाना नही चाहिए। पितृ दोष सबसे बड़ा दोष है। पूर्वजों के लिए हर किसी को तर्पण करना अनिवार्य रहता है। मौके पर राकेश चौरसिया, नन्दु रस्तोगी, विरेन्द्र मौर्य, आलोक केशरी, राजा यादव, बाबा प्रेमचंद, कैलाश बहेलिया, बल्ली बहेलिया, बद्री सिंह आदि मौजूद रहे।

सांसद ने की विकास कार्यों की समीक्षा

चंदौली। राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने मंगलवार को मुख्यालय स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर जनपद के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। जिसमें प्रमुख रूप से जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की गई। प्रमुख रूप से नहरों की साफ सफाई, स्वास्थ्य शिक्षा को लेकर भी चर्चा की गई। राज्यसभा सांसद के द्वारा ग्राम सभा सीकरी को जो गोद लिया गया है, उसे गांव के विकास से संबंधित भी समीक्षा किया गया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जो भी सरकार के द्वारा कार्य चल रहे हैं उनको समय से पूरा करें। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष भाजपा काशीनाथ सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीपीआरओ, कई ब्लॉकों की बीडीओ, सिंचाई विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

एसपी ने बैंकों का किया औचक निरीक्षण

गाजीपुर। बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एसपी ओमवीर सिंह ने चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने आज शहर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा और पंजाब नेशनल बैंक का औचक निरीक्षण किया। एसपी ने बैंक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं का निरीक्षण किया और उनके द्वारा बैंक में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। भारी पुलिस फोर्स के साथ एसपी ने बैंक सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों से सुरक्षा संबंधित जानकारी ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी ओमवीर सिंह ने कहा कि बैंको में कभी कभी काफी भीड़ भाड़ की स्थिति बन जाती है। अगर किसी पर संदेह होता है तो बैंक कर्मचारी नजदीकी पुलिस प्रशासन को सूचना जरूर दें।

पुलिस ने चार लोगों पर लगाया गैंगस्टर एक्ट

चंदौली। सैयदराजा पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना सहित चार लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। सभी आरोपी पिछले दिनों चार लाख से अधिक कीमत की अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किए गए थे। ऐसे में एसपी अनिल कुमार के निर्देश पर पुलिस ने इन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया है। एसपी अनिल कुमार ने जिले में घटित हो रहे आपराधिक कार्रवाई को रोकने का फरमान जारी किया है। इसी अभियान के तहत पिछले दिनों सैयदराजा पुलिस ने धीना थाना क्षेत्र के जनौली गांव निवासी विजय प्रकाश सिंह, बिहार के सासाराम के शब्बीर खान, इकलाख अहमद और बिहार के मोहनिया के सुजीत केशरी को बड़े पैमाने पर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि जनौली का विजय प्रकाश गिरोह बनाकर अवैध शराब की तस्करी के कारोबार को अंजाम देता है।

सड़क चौड़ीकरण की धीमी गति पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

केटी न्यूज/चंदौली

डीएम ने तीव्र गति से कार्य कराने का दिया निर्देश

जिलाधिकारी ने ड्रेन की स्पीड कम होने, धार्मिक स्थलों के शिफ्टिंग एवं पेड़ों की कटाई की प्रगति धीमी होने पर संबंधित अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए तीव्र गति से कार्य कराने का निर्देश दिया। सितंबर माह में पाइप लाइन का कार्य बिलकुल नहीं होने पर उन्होंने लेबर रिक्यायरमेंट निकाल कर कार्य कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि किस कार्य में कितने लेबर की आवश्यकता है इसका चार्ट बना कर प्रस्तुत किया जाय और उसी के अनुरूप कार्य कराया जाए। अधिशासी अभियंता विद्युत को लाइन शिफ्टिंग का कार्य पूरी सजगता से कराने और उसका शेड्यूल समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का निर्देश दिया। अधिशासी अभियंता मनोज सिंह ने बताया कि विद्युत वितरण खंड मुगलसराय के अंतर्गत सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है मार्ग में पढ़ने वाले विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किए जाने के कार्य को करने के लिए आगामी 20 दिनों तक कल से एक-एक दिन के अंतर पर दिन में 11 बजे से तीन बजे चार घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लोक निर्माण विभाग के सड़कों की प्रगति संबंधी समीक्षा बैठक हुई।इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की गई और कार्य की गति बढ़ाने के कड़े दिशा निर्देश दिए गए।

चंदौली सकलडीहा सैदपुर मार्ग की प्रगति पूछे जाने पर संबंधित विभाग ने बताया कि 8 किमी लंबाई में चौड़ीकरण के कार्य हेतु मिट्टी के स्टेबलाइजेसन, आठ किमी लंबाई में जीएसबी एवं 3.7 किमी लंबाई में ड्रेन का कार्य प्रगति पर है। वहीं भूमि अधिग्रहण हेतु सीमांकन की कार्यवाही एवं प्रभावित भू स्वामियों को नोटिस देने की धीमी प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए उसमे त्वरित गति से कार्य करने का निर्देश दिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि दस अक्टूबर तक स्ट्रक्चर की नोटिस और 15 अक्टूबर तक जमीन की नोटिस अवश्य चली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नोटिस के बाद किसानों को आपत्ति का समय भी दिया जाना है। जिलाधिकारी ने जोर देते हुए कहा कि संबंधित किसानों को समय से कंपनशेशन दिया जाय। इसमें किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। पड़ाव क्षेत्र में सड़को के चौड़ीकरण कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर की।

जनपद में 30 नवंबर को प्रस्तावित अखिल भारतीय हड़ताल को लेकर आमसभा

मौजूदा 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 नए श्रम कोड ला रही सरकार

केटी न्यूज/गाजीपुर



मंगलवार को दवा प्रतिनिधियों के राष्ट्रीय संगठन फेडरेशन ऑफ मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एशोसिएशन आफ इंडिया (एफएमआरएआई) के तत्वावधान में 30 नवंबर 2023 को प्रस्तावित अखिल भारतीय हड़ताल के संबंध में इसके क्रियान्वयन और रूपरेखा तय करने के लिए इसके राज्य संगठन उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एन्ड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन (यूपीएमएसआरए) की गाजीपुर इकाई में अपने प्रदेश कमेटी के आह्वान पर विशिष्ट आमसभा का आयोजन मिश्र बाजार के पास स्थित राज मैरेज हॉल में आयोजित हुई।

बैठक को अटेंड करने हमारे प्रदेश संगठन यूपीएमएसआरए के राज्य कार्यकारिणी सदस्य साथी मो. अफजल व राष्ट्रीय संगठन एफएमआरएआई के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य साथी आरएम राय उपस्थित हुए।

मो. अफजल ने वर्तमान समय मे दवा प्रतिनिधियों की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान केंद्र सरकार ने बड़े पूंजीपतियों को खुश करने व उनके दबाव में मजदूरों के लिए मौजूदा 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 नए श्रम कोड ला रही है। जिसमें मजदूरों के हक व अधिकारों पर सीधा हमला है।

उन्होंने बताया कि अपनी आठ सूत्रीय मांगों (जिनमें 05 मांगे केंद्र सरकार से व 03 मांगें अपनी कम्पनियों के मालिकान से हैं) में एसपीई एक्ट 1976 को लागू करने, दवा प्रतिनिधियों के लिए कार्य की नियमावली तय करने, अस्पतालों में स्वतंत्र रूप से काम करने, दवाओं पर से जीएसटी टैक्स हटाने, डाटा प्राइवेसी को सुरक्षित करने, दवा प्रतिनिधियों पर सेल्स के नाम पर शोषण को खत्म करने, गैजेट्स के इस्तेमाल में ट्रैकिंग व सर्विलांस पर रोक लगाने, कार्यस्थल पर बिना रुकावट प्रवेश सुनिश्चित करने संबंधी मांगें हैं) को लेकर पूरे देश के दवा प्रतिनिधि एक दिवसीय हड़ताल पर जा रहे हैं। उन्होंने 30 नवम्बर की हड़ताल को सफल बनाने और एकजुटता के साथ आंदोलन में शामिल होने का आवाहन सभी साथियों से किया।

बैठक को संबोधित करते हुए एफएमआरएआई के कार्यसमिति सदस्य साथी आरएम राय ने बताया कि नए वेतन सम्बन्धी कोड में सरकार ने दवा प्रतिनिधियों को बाहर कर दिया और दवा प्रतिनिधियों के लिए संसद में प्राप्त एकमात्र कानून एसपीई एक्ट को भी उद्योग सम्बन्धी कोड के तहत खत्म कर दिया है। उन्होंने दवा प्रतिनिधियों की वैधानिक पहचान व उनके नामकरण पर चर्चा करते हुए बताया कि भारत की उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ द्वारा सन 1992 में हमारा नाम मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव दिया गया। ड्रग एन्ड कॉस्मेटिक एक्ट 1954 के तहत यह निर्देश भी दिया कि एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव ही अस्पतालों व डॉक्टरों को दवा की गुणवत्ता, प्रचार प्रसार कर सकता है दूसरा कोई नहीं भले ही कोई दवा कम्पनी का मैनेजर हो अथवा मालिक हो।

राजनीतिक, सामाजिक भागीदारी के लिए साहू समाज आए आगे

चंदौली। साहू समाज की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर सोमवार की रात मुख्यालय स्थित कैंप कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें समाज के लोगों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और साहू समाज के संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।वहीं समाज के जनप्रतिनिधि व सम्मानित लोगों को साहू गौरव रत्न, स्मृती चिन्ह व अंगवस्त्रम और बच्चो को प्रतिभानुसार पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान वाराणसी के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कन्हैया लाल गुप्ता ने कहा कि समाज के हम सभी लोगों को संगठित होकर राजनीतिक, शैक्षिक और सामाजिक भागीदारी के लिए आगे आने की जरूरत है। हम सभी को संगठन के मजबूती के लिए आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर संकल्प लेने की जरूरत है कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी लोग एकजुट होकर आर्थिक स्थिति से कमजोर लोगों की मदद करेंगे। संरक्षक कैप्टन एसएन गुप्ता ने कहा कि समाज के लोगों को आर्थिक सामाजिक व राजनीतिक भागीदारी के लिए संकल्प लेने होंगे, तभी समाज का उत्थान हो सकता है।

सफलता: पंचायत भवन का इनवर्टर बैटरी चुराने वाले दो चोर गिरफ़्तार



केटी न्यूज/चंदौली

बलुआ पुलिस ने दो बैटरी चोरों को गिरफ्तार किया है। इन सभी ने कैथी गांव के पंचायत भवन से चुराए गए इनवर्टर बैटरी व सीपीयू कम्प्यूटर को चुराने की बात स्वीकार किया। पंचायत भवन में चोरी की बात स्वीकार करते ही पुलिस ने एक दूसरी घटना का भी खुलासा कर दिया। दूसरी घटना में चोरी गए किसी भी सामान की बरामदगी नही हुई।

यह बात अलग है कि चोरों के पास मिले कुछ पैसों को उस घटना से जोड़ दिया गया। बलुआ पुलिस की मानें तो सोमवार के शाम को एसआई अभिषेक शुक्ला व मनीष कुमार हमराह के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान मुखबीर ने यह सूचना दिया कि पिछले तीन माह पूर्व विद्यालय में हुए चोरी के सामान को दो युवक बेचने जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने तिरगावां बैरियर के पास से दो अभियुक्तों को गिफ्तार किया। इसमें सोनू गौड़ उर्फ भूसी पुत्र स्व.रघुवीर प्रसाद उम्र (25) उतड़ी थाना बलुआ, चंदन पुत्र रामजी हरिजन (22) आगस्तीपुर को रात में गिरफ्तार किया। जब पूछताछ किया गया तो अभियुक्तगण के पास से चोरी के 2250 रुपये व एक अदद बोरे में एक अदद इन्वर्टर तथा एक अदद इन्वर्टर की बैटरी मिली। पूछताछ में बताया कि के पंचायत भवन कैथी से इन्वर्टर, बैटरी, मॉनीटर तथा सीपीयू आदि चुराए थे।

जनपद में 16 से 31 अक्टूबर तक घर-घर दस्तक देकर लोगों को किया जायेगा जागरूक

केटी न्यूज/चंदौली



जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से संजय सिंह(बबलू) ब्लॉक प्रमुख एवं दिलीप सोनकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर संजय सिंह ने कहा कि जन समुदाय को आगे बढ़ कर विभाग का सहयोग करना होगा। जिससे संक्रमण होने का खतरा कम हो सके। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वाई के राय,एसीएमओ डॉ. आरबी शरण, डीएमओ पीके शुक्ला, एएमओ राजीव सिंह समेत मलेरिया विभाग के स्टाफ भी मौजूद रहे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वाई के राय ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अभियान 31 अक्तूबर तक चलाया जाएगा। साथ ही दस्तक अभियान 16 से 31 अक्तूबर तक चलेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के सहयोग एवं समन्वय से जन-जागरूकता व जन-सहभागिता के साथ साफ-सफाई का कार्य करेंगे। फ्रंट लाइन वर्कर द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के घर-घर सर्वे अभियान में इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), टीबी के संभावित मरीजों व आईसीडीएस द्वारा कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर सूची बनायी जायेगी। डॉ. वाई के राय ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान के मद्देनजर विभाग की पूरी तैयारी है। जिसके तहत जिले की कुल 1901 आशा कार्यकताओं के माध्यम से संचारी रोग नियन्त्रण अभियान आज से शुरू हो कर 31 तक चलेगा और इसी के साथ 16 से 31 अक्तूबर तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग गतिविधियां संचालित की जायेंगी। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की निगरानी की जायेगी। कहीं भी जलभराव की स्थिति न हो यह सुनिश्चित किया जायेगा। ग्रामीण व मलिन बस्तियों में पीने के पानी की जांच भी की जायेगी। इसके साथ ही आशा व आंगनबाडी कार्यकताओं द्वारा घर-घर सर्वे अभियान के तहत हर दूसरे घर में संचारी अभियान जागरूकता पोस्टर भी लगाये जाएंगे।

बाजरी में मोबाइल चोरों का बढ़ा आतंक

गाजीपुर। दुल्हपुर थाना क्षेत्र के जखनियां बाजार में मोबाइल चोरी की दर्जनों घटनाएं होने से अब लोग बाजार में मोबाइल ले जाना भी छोड़ रहे हैं। बता दें कि पिछले एक सप्ताह के अंदर दर्जनों लोगों का मोबाइल सब्जी बाजार में खरीदारी करते समय उचक्कों ने उड़ा दिया और किसी को पता भी नहीं चला।

बता दें कि दुल्लहपुर थाने के नवादा सानी गांव निवासी सेवानिवृत सैनिक विजय बहादुर राजभर दुल्लहपुर बाजार में सब्जी खरीद रहे थे उनके मोबाइल बाजार से उच्छकों ने उड़ा दी। सूचना दुल्लहपुर थाने पर दी। इसी क्रम छतमा गांव निवासी रविंद्र की मोबाइल चोरी हो गई। जखनियां बाजार से गुड्डू की सब्जी बाजार से मोबाइल चोरी हुई। जलालाबाद में प्रदीप का मोबाइल उच्चकों ने उड़ा दिया। इसी तरह अन्य लोगो का मोबाइल चोरी की सूचना मिली। दुल्लहपुर थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि जल्द ही इस दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

माता तेतरा देवी सच्चिदानंद गर्ल्स डिग्री कॉलेज में त्रिनेत्र कार्यक्रम का आयोजन

त्रिनेत्र मिशन अपराध पर अंकुश लगाने का बड़ा ऑपरेशन

केटी न्यूज/गाजीपुर



भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के अलीपुर मदरा गांव में स्थित माता तेतरा देवी सच्चिदानंद गर्ल्स डिग्री कॉलेज में त्रिनेत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी ओमवीर सिंह, एडिशनल एसपी ज्ञानेंद्र कुमार और उप जिलाधिकारी कमलेश सिंह, पुलिस उपाधीक्षक शेखर सेंगर को प्रधान प्रतिनिधि सवानंद सिंह और अटल सिंह ने अशोक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किए।जिसमें काफी संख्या में प्रधान, सचिव, आंगनबाड़ी, आशा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मालूम हो सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा अपराध के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत गेस्ट हाउस, ढाबों, स्कूलों, कॉलेजों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों के साथ थानों पर सीसीटीवी लगाकर सीधे मॉनिटरिंग की जा रही है। इस मौके पर एसपी ओमवीर सिंह ने कहा कि त्रिनेत्र ऑपरेशन से अपराध के विरुद्ध एक बड़ी जंग है जिसके मॉनिटरिंग के लिये तकनीकी सेवा मुख्यालय ने एक पोर्टल बनाया है, जिसके जरिये अभियान की समीक्षा प्रतिदिन होती है। उन्होंने कहा कि खानपुर में मर्डर की घटना का भी खुलासा त्रिनेत्र मिशन के द्वारा सफल हुआ। उन्होंने आंगनबाड़ी और आशाओं को भी जागरुक करते हुए अपराध के बारे में संवाद किया। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जिले में कुछ घटनाओं का अब तक खुलासा किया जा चुका है, डीएम ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से पूरे प्रदेश में ऑपरेशन त्रिनेत्र चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि कैमरे कुछ क्षेत्रों में स्थापित है और कहीं हमें नये कैमरे लगाने हैं तो यह अभियान चलाया गया प्रदेश के हर थाने में और हर स्थान पर, हर गांव में, लगाया जाय। साथ उन्होंने मिशन शक्ति के हेल्पलाइन नंबरों को बताते हुए कहा कि कोई भी बड़ी समस्या हो तो इस हेल्प लाइन नंबरों पर शिकायत दर्ज कराए।

इस मौके पर एडिशनल एसपी ज्ञानेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी कमलेश सिंह, दुल्लहपुर थाना अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा। प्रधान प्रतिनिधि सर्वा नंद उर्फ झुन्ना सिंह, प्रधान नंदलाल गुप्ता, संजय राजभर, भुल्लन यादव, चांदी यादव, परशुराम मौर्य, बाला यादव, संदीप जायसवाल, वीरेंद्र यादव, अजीत यादव, हरेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, अशोक गिरी हुसनपुर, अशोक यादव घटारो, धुरेंद्र गिरी, चंदन सिंह, कमलेश चौहान, जेपी कुमार, दीना नाथ सिंह, गुड्डू राजभर, ललित चौरसिया ,दीपक चौरसिया, संजीव चौरसिया, हरिशंकर चौहान, मनोज गौतम अनिल वर्मा, मंजू देवी, सुनीता कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

एक नजर

बडौदा यूपी बैंक की शाखाओं पर लटके रहे ताले

पीडीडीयू नगर। बडौदा यूपी बैंक की सभी नौ यूनियनों के संयुक्त मोर्चा द्वारा चंदौली क्षेत्र की सभी शाखाओं के कर्मचारी मंगलवार को हड़ताल पर रहे। बैंक की सभी शाखों में कामकाज ठप रहा। इससे करोड़ों रुपए का लेनदेन प्रभावित हुआ। बैंक कर्मियों के संयुक्त फोरम द्वारा आहूत हड़ताल पूरी तरह से सफल रही। चंदौली क्षेत्र की सभी 47 शाखाओं पर ताले लटकते रहे। बैंक पहुंचे खाता धारकों को वापस लौटना पड़ा। बैंक कर्मियों द्वारा प्रवर्तक बैंक से नियुक्त प्रबंधन की दमनकारी नीतियों, कार्मिकों के शोषण, शाखों को बंद करने के प्रयास तथा नई भर्तियां न करने के विरोध में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी क्षेत्रीय कार्यालय अलीनगर पर एकत्र हुए और प्रबंधन के विरोध में नारे लगाए। संगठन के पदाधिकारियों सुधीर कुमार, दीपक पांडे, अविनाश चंद्र, समीर सिंह आदि ने कार्मिकों को संबोधित किया । कर्मचारियों से आवाहन किया गया कि यदि अभी भी प्रबंधन द्वारा दमनकारी कार्य प्रणाली बंद नहीं की गई और को कुप्रबंधन करते हुए शाखाओं को बंद करने का प्रयास किया गया तो संघर्ष चलता रहेगा। इसके पश्चात संगठन द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन करने वालों में सभी शाखाओं के कर्मचारी शामिल रहे।



संकल्प सप्ताह में विशेष स्वास्थ्य मेला आयोजित

गाजीपुर। रेवतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को शासन के निर्देश पर निति आयोग द्वारा चयनित आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के अंतर्गत संकल्प सप्ताह में विशेष स्वास्थ्य मेला शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा के जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय ने फीता काटकर किया। आयोजित इस स्वास्थ्य मेले में दर्जनों गावों के महिला, पुरूष, छोटे- छोटे बच्चे आदि अन्य लोग आए थे। जिसमें कुल 453 मरीजों की एएनसी क्लिनिक, टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, एनीमिया टेस्ट एवम उपचार, टीबी कैंपियन रैली एवम टीवी स्क्रीनिंग का निरीक्षण करने के साथ साथ ओपीडी, दवा वितरण, नेत्र आदि का परीक्षण किया गया। इस दौरान डीडीओ (जिला विकास अधिकारी) सुभाष चंदे सरोजे एवं भाजपा महामंत्री ने मेले के विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय ने शासन की योजनाओं की प्राथमिकताओं वाले समस्त कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोदी एवं योगी ही सरकार है जिसने लोगों की हितों के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही है। जिसका भरपूर लाभ लोगों को मिल रहा है। मौके पर अधीक्षक एवम प्रभारी अधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार यादव, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. सत्यकाम यादव, डॉ. मयंक, डॉ. जितेंद्र नाथ दुबे, बबिता सिंह, आशुतोष सिंह, अजय कुमार, प्रिया राय, प्रियंका सिंह सुनील कुशवाहा, अनीश आदि मौजूद रहे।



कमिश्नर व डीएम ने अमृत कलश में डाली मिट्टी

गाजीपुर। जिला मुख्यालय स्थित राइफल क्लब परिसर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत मंडलायुक्त वाराणसी कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, अपर जिलाधिकारी (वि/रा), अध्यक्ष जिला पंचायत सपना सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका सरिता अग्रवाल और पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका विनोद अग्रवाल ने अमृत कलश में मिट्टी प्रदान किया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक कपिल देव, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सुभाष चंद्र प्रसाद तथा युवा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेहरू युवा केंद्र कार्यालय पर आयोजित समारोह में महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं आयोजित गोष्ठी में उनके पद चिन्हों चलने की अपील की गई।



ग्रामीणों ने एक किमी गड्ढा पाट जताया विरोध

गाजीपुर। दुल्लहपुर थाने के दामोदरपुर गांव में सरकार के मानक के अनुरूप लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन बिछाने का कार्य तेजी से कराया जा रहा था, लेकिन ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा सड़क के बीचो-बीच गड्ढा खोदकर पाइप लगाकर इस तरह गड्ढे को छोड़ दिया गया है। जिससे आए दिन उसमें दुर्घटना के लोग शिकार हो रहे थे। यही नहीं लोगों का पालतू जानवर भी गिरकर घायल होते थे। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार उच्चाधिकारियों को दिया, लेकिन गड्ढे को नहीं पाटा गया। जिसमें आज ग्रामीणों ने फावड़ा उठाकर भरत राम के घर से शोभा मास्टर के ट्यूबवेल तक एक किमी तक श्रमदान कर गड्ढा पाटकर शासन प्रशासन को आइना दिखाया। इस मौके पर श्रमदान करने वाले नारायण ठेकेदार, जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार, मुन्नी गौतम, प्रदीप राम, राजेश कुमार, हरिहर, अनिल, विशुनी, रामायण, जग्गू गोंड, अनिल, शिवशंकर, धरमू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



संकल्प स्वास्थ्य मेला में मरीजों की हुई जांच

चंदौली। चहनियां ब्लॉक को शासन द्वारा अति पिछड़ा घोषित किया है। जिसे लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रितेश कुमार के देखरेख में संकल्प स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया । जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख चहनिया ने फीता काटकर कर किया। स्वास्थ्य मेले में पैथोलॉजी, सुगर, हार्टअटैक, टीबी, गर्भवती महिलाओं, आंखों आदि बीमारियों का जांच डॉक्टरों ने किया। जिसमें क्षेत्र के मरीजो ने चढ़बढ कर हिस्सा लिया। जिसमे 296 लोगो का जांच व 475 लोगो का दवा वितरण किया। जांच के दौरान अस्वस्थ पाये गये उन्हे डॉक्टरों ने उचित परामर्श के साथ दवा देकर संतुष्ट किया। उद्घाटन करते हुए ब्लाक प्रमुख अरूण जायसवाल ने कहा कि पूरे ब्लाक के 91 गांव को अति पिछड़ा घोषित किया गया है, लेकिन यह अति पिछड़ा नही रहेगा शीघ्र ही हमलोग एक साथ मिलकर काम करेंगे और एक दिन आयेगा जब इस केंद्र का विकास होगा। प्रदेश के मुख्य मंत्री आदित्यनाथ योगी व भारत देश के मुखिया मोदी जी का सपना है देश के साथ हर प्रदेश व जिला तहसील, ब्लॉक का भी विकास हो। इस दौरान बनबारी पांडेय, डिप्टी सीएमओ डॉ. रमेश प्रसाद, एडीओ पंचायत राकेश दिक्षित, संतोष मिश्रा, युवा कल्याण विभाग अधिकारी अनीश सिंह, मुकेश सिंह, डॉ. कविता यादव, सत्यम सिंह, गौरव सिंह, बीपीएम रोशन आरा, एचीओ राकेश सिंह, एआरओ अशोक श्रीवास्तव, डॉ.अंतिमा यादव, डॉ. अमृता सिंह, डॉ. शिशिर मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

